CMYK

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI Regn. No.7789/1964

# लोक शक्ति



महाकुभ में साधु-संतों का लगा तांता



अमित शाह ने बस्तर ओलंपिक के विजेताओं को किया पुरस्कृत

वर्ष-60 › अंक -351 रायपुर सोमवार 16 दिसंबर 2024 विक्रम संवत 2081 डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25

## महायुति कैबिनेट का विस्तार, 39 विधायक बने मंत्री

एजेंसी

**भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले, राधाकृष्ण विखे पाटिल, चंद्रकांत पाटिल, गिरीश महाजन, गणेश नाइक, मंगलप्रभात लोढ़ा, जयकुमार रावल, पंकजा मुंडे, अतुल सावे, अशोक उइके, आशीष शेलार, शिवेंद्रसिंह भोसले, जयकुमार गोरे, संजय सावकरे, नितेश राणे, आकाश फुंडकर, माधुरी मिसाल, पंकज भोयर और मेघना बोर्डिकर ने मंत्री पद की शपथ ली।**

महाराष्ट्र के नागपुर में रविवार को महायुति मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ। इस दौरान 39 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार की मौजूदगी में विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गयी। बताया जा रहा है कि आज रात तक विभागों की सूची भी घोषित कर दी जाएगी।



### भाजपा के इन विधायकों ने ली शपथ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले, राधाकृष्ण विखे पाटिल, चंद्रकांत पाटिल, गिरीश महाजन, गणेश नाइक, मंगलप्रभात लोढ़ा, जयकुमार रावल, पंकजा मुंडे, अतुल सावे, अशोक उइके, आशीष शेलार, शिवेंद्रसिंह भोसले, जयकुमार गोरे, संजय सावकरे, नितेश राणे, आकाश फुंडकर, माधुरी मिसाल, पंकज भोयर और मेघना बोर्डिकर ने मंत्री पद की शपथ ली।

**शिवसेना के इन विधायकों ने ली शपथ** - शिवसेना के गुलाबराव पाटिल, दादा भुसे, संजय राठौड़, उदय सामंत, शंभूराज देसाई, संजय शिरसाट, प्रताप सरनाईक, भरत गोगावले, प्रकाश अबितकर, आशीष जायसवाल और योगेश कदम ने मंत्री पद की शपथ ली।

**राकांपा के इन विधायकों ने ली शपथ** राकांपा के हसन मुश्रीफ धनंजय मुंडे, दत्तात्रेय भरणे, अदिति तटकरे, माणिकराव कोकाटे, नरहरि झिरवाल, मकरंद जाधव, बाबासाहेब पाटिल और इंद्रनील नाइक ने मंत्री पद की शपथ ली।

देश की बहादुर पुलिस फोर्स में से एक है छग पुलिस : शाह

# मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का खात्मा कर देगी केंद्र सरकार : शाह

लोकशक्ति

**रायपुर, संवाददाता।** छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित बेहद गरिमामय कार्यक्रम में राज्य की पुलिस को राष्ट्रपति निशान (पुलिस कलर्स अवार्ड-2024) सौंपा। यह देश के सशस्त्र बलों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। विगत 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ पुलिस की असाधारण सेवाओं, बहादुरी और कर्तव्यपरायणता के लिए राज्य को यह सम्मान मिला है। छत्तीसगढ़ यह सम्मान हासिल करने वाला देश का सबसे युवा राज्य है, जिसने अपने गठन के मात्र 24 वर्षों में ही यह उपलब्धि हासिल की है। गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि



राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड केवल एक सम्मान नहीं है, यह सेवा और कर्तव्य का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सलवाद, संगठित अपराध और मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में जो साहस और प्रतिबद्धता दिखाई है, वह अभूतपूर्व है। छत्तीसगढ़ पुलिस देश के सर्वश्रेष्ठ और बहादुर पुलिस बलों में से एक बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ और देश को नक्सलमुक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ और देश से नक्सलवाद का पूर्णतः खात्मा हो जाएगा। शाह ने छत्तीसगढ़ पुलिस की तारीफकरते हुए कहा कि इसने न केवल कानून और व्यवस्था को बनाए रखा है, बल्कि जनता के विश्वास को भी मजबूत किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड पुलिस बल के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा, उनका हौसला और मनोबल बढ़ाएगा। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जांबाज पुलिस को राष्ट्रपति निशान सौंपना मेरे लिए भी गर्व की बात है। यह सम्मान छत्तीसगढ़ की पुलिस की कड़ी मेहनत, समर्पण और जनता के प्रति लगाव का द्योतक है। छत्तीसगढ़ की पुलिस नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील ठोंकने की तैयारी में है।

## प्रधानमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**पीआईबी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि श्री पटेल का व्यक्तित्व और कृतित्व राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए नागरिकों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।

श्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखाः ÷देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनके स्मारक पर शत-शत नमन।÷ उनका व्यक्तित्व और कृतित्व राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए देशवासियों की प्रेरणाशक्ति बनी रहेगी।÷

श्री सर्बानंद सोनोवाल ने जहाजों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया,

# कोलकाता से पटना, वाराणसी और पांडु तक कार्गो जहाजों की निश्चित अनुसूचित सेवा शुरू

पीआईबी

केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री (एमओपीएसडब्ल्यू) श्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज यहां राष्ट्रीय जलमार्ग 1 (गंगा नदी) के साथ-साथ राष्ट्रीय जलमार्ग 2 (ब्रह्मपुत्र नदी) और राष्ट्रीय जलमार्ग 16 (बराक नदी) के माध्यम से लंबी दूरी के कार्गो के परिवहन को प्रोत्साहित करने के लिए कार्गो प्रोत्साहन की एक महत्वपूर्ण नीति - 'जलवाहक' - का अनावरण किया।

केंद्रीय मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज यहां जीआर जेट्टी से एमवी एएआई, एमवी होमी भाभा और एमवी त्रिशूल के साथ दो डंब बार्ज अजय और दीखू को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे एनडब्ल्यू 1 और एनडब्ल्यू 2 के लिए हल्दिया से निर्धारित कार्गो जहाज सेवा की शुरुआत हो गई। निर्धारित दिन की निर्धारित नौकायन



सेवा एनडब्ल्यू 1 के कोलकाता-पटना-वाराणसी-पटना-कोलकाता खंड और एनडब्ल्यू 2 के कोलकाता और गुवाहाटी के पांडु के बीच इंडो बांग्लादेश प्रोटोकॉल रूट (आईबीपीआर) के माध्यम से चलेगी। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री शांतनु ठाकुर और उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह भी इस महत्वपूर्ण अवसर पर शामिल हुए। इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, ÷प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के गतिशील नेतृत्व में सरकार ने हमारे समृद्ध आंतरिक जलमार्गों के विशाल संभावनाओं को साकार करने के लिए एक समेकित प्रयास किया है। आर्थिक, पर्यावरणीय और कुशल परिवहन के रूप में जलमार्गों का लाभ उठाकर, हम रेल और सड़क यातायात को कम करने के लिए जलमार्गों के माध्यम से कार्गो परिवहन को बढ़ावा देना चाहते हैं। जलवाहक योजना एनडब्ल्यू1, एनडब्ल्यू2 और एनडब्ल्यू16 पर लंबी दूरी के कार्गो को प्रोत्साहित करती है और व्यापारिक हितों के लिए जलमार्गों के माध्यम से कार्गो परिवहन की संभावनाओं का पता लगाने का एक शानदार आर्थिक मूल्य प्रस्ताव प्रदान करती है। आगे, कोलकाता से शुरू हुई नियमित निर्धारित माल सेवा यह सुनिश्चित करेगी कि कार्गो एक निश्चित समय सीमा के भीतर परिवहन और वितरण किया जाए।

## सोमवार को पेश नहीं होगा 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल

**नई दिल्ली** 'वन नेशन, वन इलेक्शन' का बिल सोमवार को लोकसभा में पेश नहीं होगा। लोकसभा की संशोधित तालिका में भी यह बिल सूचीबद्ध नहीं है।

इस बिल की कॉपी लोकसभा के सभी सांसदों को भेज दी गई है, ताकि वो इसका अध्ययन कर सकें। 20 दिसंबर तक संसद का शीतकालीन सत्र है। अगर सोमवार को इस बिल को लोकसभा में पेश नहीं किया गया, तो ऐसी स्थिति में महज इसे पेश करने के लिए चार दिन शेष रह जाएंगे। 12 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस बिल को मंजूरी दे दी गई थी। कैबिनेट ने दो ड्रॉफ्ट कानूनों को मंजूरी दी थी। जिसमें से एक संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने से संबंधित है, जबकि दूसरा विधेयक विधानसभाओं वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के एक साथ चुनाव कराने के संबंध में हैं।

## उपराष्ट्रपति ने ग्वालियर में जीएसआई भूविज्ञान संग्रहालय का उद्घाटन फीता काटकर और स्मृति-पट्टिका का अनावरण करके किया



पीआईबी

भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने आज मध्य प्रदेश के ग्वालियर में विक्टोरिया मार्केट बिल्डिंग में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के एक अत्याधुनिक भूविज्ञान संग्रहालय का उद्घाटन फीता काटकर और एक स्मृति-पट्टिका का अनावरण करके किया। ये एक उल्लेखनीय समारोह था, जिसमें परंपरा की भव्यता और आधुनिक नवाचार की अद्भुतता को सुंदरता से मिलाया गया था। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल, केंद्रीय संचार और उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, कोयला और खान राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र दुबे, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर, ग्वालियर के सांसद श्री भरत सिंह कुशवाहा और जीएसआई के महानिदेशक श्री असित साहा मौजूद थे। ग्वालियर भूविज्ञान संग्रहालय पृथ्वी की कहानी के चमत्कारों के प्रवेश द्वार के रूप में है - ज्ञान अर्जित करने की एक बहुत बड़ी जगह है, जहाँ विज्ञान और कला जिज्ञासा को प्रेरित करने के लिए मिलते हैं। इसमें दो असाधारण दीर्घाएँ हैं, जो हमारे ग्रह के रहस्यों और समय के माध्यम से जीवन की यात्रा के इतिहास की झलक पेश करती हैं।

## केंद्रीय मंत्री ने 2047 के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों, नवाचार विपणन और सार्वजनिक-निजी भागीदारी पर जोर दिया



**स्थायी और प्रगतिशील इकोसिस्टम बनाने के लिए सभी हितधारकों को एक साथ लाने की आवश्यकता जताई**

**पीआईबी** - केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); पृथ्वी विज्ञान और प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग तथा कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सरकार के सभी विज्ञान मंत्रालयों तथा विभागों के सचिवों की संयुक्त मंत्रिस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को ÷विकसित भारत÷ राष्ट्र में रूपांतरित के स्वप्न को साकार करने के लिए सभी सरकारी विभागों के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार के प्रयासों को ÷संपूर्ण सरकार÷ तथा ÷संपूर्ण विज्ञान÷ के दृष्टिकोण के साथ जोड़ने का आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह नई दिल्ली में सभी विज्ञान मंत्रालयों और विभागों के सचिवों की मासिक संयुक्त मंत्रिस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। केंद्रीय मंत्री ने आज आयोजित विज्ञान सचिवों की मासिक बैठक के दौरान संबंधित राज्य वैज्ञानिक परिषदों से वैज्ञानिक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने विज्ञान में सहकारी संघवाद के महत्व का उल्लेख करते हुए एक स्थायी और प्रगतिशील इकोसिस्टम बनाने के लिए सभी हितधारकों को के साथ लाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## पंजाब पुलिस ने आतंकी मॉड्यूल पकड़ा, ग्रेनेड, पिस्टल, ड्रोन बरामद, 10 युवक गिरफ्तार

**अमृतसर ।** पंजाब को एक सुरक्षित राज्य बनाने के अभियान के दौरान कमिश्नरेट पुलिस (सीपी) अमृतसर ने पाकिस्तान आधारित हरविंदर रिंदा और विदेश आधारित हैपी पासियन, जीवन फौजी और जशनप्रीत सिंह उर्फ़ लाल द्वारा संचालित सीमापार आतंकवादी मॉड्यूल के 4 मुख्य संचालकों सहित 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर बटाला क्षेत्र में पुलिस विभाग पर संभावित ग्रेनेड हमले को टालने में सफलता प्राप्त की है। पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए चार मुख्य अपराधियों की पहचान अर्जुनप्रीत सिंह



निवासी अवान रामदास, अमृतसर; लवप्रीत सिंह उर्फ़ लव निवासी पेरेवाल, अमृतसर; बसंत सिंह और अमनप्रीत सिंह उर्फ़ अमन दोनों निवासी बाबा बकाला साहिब, अमृतसर के रूप में हुई है। इसके अलावा, लॉजिस्टिक सहायता देने वाले छह हैंडलरों की पहचान भी की गई है, जिनमें बरींदरपाल सिंह उर्फ़ मनी और राजबीर सिंह उर्फ़ राजू दोनों निवासी कटेल, अमृतसर; विश्वास मसीह उर्फ़ भंबो निवासी भागनपुरा, अमृतसर; दिलप्रीत सिंह उर्फ़ मन्ना, हरजोत कुमार उर्फ़ मीतू और जोएल मसीह उर्फ़ रोहन उर्फ़ नोनी, तीनों निवासी डेरा बाबा नानक, बटाला शामिल हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस टीमों ने उनके कब्जे से दो .30 बोर और एक .32 बोर पिस्तौल, एक हैंड ग्रेनेड और एक ड्रोन भी बरामद किया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में आगे की जांच जारी है ताकि इसके पीछे के अन्य संबंधों का पता चल सके।

## एकलव्य-द्रोणाचार्य बयान पर भड़के साधु-संत, राहुल गांधी हिन्दू विरोधी



अयोध्या एजेंसी।

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने एकलव्य-द्रोणाचार्य की कहानी सुनाते हुए भाजपा सरकार को घेरा। राहुल गांधी के बयान द्रोणाचार्य ने एकलव्य का अंगूठा काटा% को लेकर संत समाज बेहद नाराज है। संतों का कहना है कि ये हिंदू विरोधी टिप्पणी है।

अयोध्या धाम मणि रामदास छावनी के उत्तराधिकारी कमल नयनदास ने राहुल गांधी को उनके बयान के लिए हिन्दू विरोधी बताया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी मूर्ख हैं। एकलव्य ने श्रद्धापूर्वक गुरु द्रोणाचार्य को गुरु दक्षिणा के तौर पर अंगुठा दिया था। राहुल गांधी हमेशा देश द्रोह, धर्म द्रोह की बात करते हैं। उन्हें कठोर दंड दिया जाना चाहिए। राहुल गांधी हिन्दुओं के ही नहीं बल्कि राष्ट विरोधी हैं। उन्हें किसी प्रकार से माफ नहीं किया जाना चाहिए। उनके पास एक ही काम है वह लगातार हिन्दू और राष्ट के विरोध में रहते हैं। राम जन्म भूमि अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा, राहुल गांधी हिन्दू विरोधी बात करते हैं। उन्हें पता नहीं है कि क्या बोलना है। वह कह रहे हैं कि दोणाचार्य ने एकलव्य का अंगुठा काटा। यह गलत है सरासर झूठ है। वह विपक्ष के नेता हैं उन्हें अपनी भाषा पर ध्यान देना होगा। जिस तरह का बयान उन्होंने लोकसभा में दिया है इससे हिन्दुओं का अपमान हुआ है इसलिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में हुए शामिल

# एक साल में छत्तीसगढ़ सरकार ने लिखी बस्तर के विकास की नई इबारत

जगदलपुर लोकशक्ति।

बस्तर ओलंपिक 2024 के समापन सत्र में आया हूं और आज बस्तर बदल रहा है, लेकिन आपको विश्वास दिलाता हूं कि मैं 2026 के बस्तर ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में आऊंगा और कहूंगा कि बस्तर बदल चुका है। बस्तर ओलंपिक केवल 1 लाख 65 लोगों की खेल प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं है बल्कि यह समूचे बस्तर के उम्मीदों की पहचान बनने वाला है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज बस्तर ओलंपिक 2024 के समापन सत्र में मार्च 2026 तक नक्सल उन्मूलन के संकल्प को दोहराते हुए यह बातें कही।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समापन सत्र के दौरान नुवा बाट के व्हीलचेयर रेस, रिले रेस, रस्साकसी सहित अन्य



प्रतिस्पर्धाओं का फाइनल मुकाबला देखा। साथ ही बस्तर अंचल के प्रसिद्ध नृत्य, नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी देखी। कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णु साय सहित अतिथियों ने बस्तर ओलंपिक 2024 के विजेताओं यूथ आइकॉन को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान बस्तर ओलंपिक 2024 के विधिवत घोषणा की गई और ध्वज मुख्य अतिथि को सौपा गया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सली हिंसा से प्रभावित दिव्यांगों की जो आज व्हीलचेयर रेस हुई है, यह बस्तर के विकास की रेस है। उन्होंने कहा कि एक दौर था जब बस्तर में मूलभूत सुविधाएं तक नसीब नहीं थी, लेकिन पिछले 1 साल में छत्तीसगढ़ सरकार ने बस्तर के विकास की नई इबारत लिखी है और बस्तर के गांव-गांव तक शासकीय योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में नक्सलियों के खिलाफ अभियान में तेजी आई और पिछले 1 साल में नक्सल मोर्चे पर बड़ी सफ्लता हासिल हुई है।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि आज मैने नुवा बाट दस्ते की प्रतिभा को देखा और मेरा मन संवेदना से भर गया। ये नुवा बाट खिलाड़ियों का दस्ता देश के लिए उम्मीद की नई किरण है। उन्होंने बस्तर के युवाओं से कहा कि हार मानने वाला कभी नहीं जीतता बल्कि जीतता वो है जो कभी हार नहीं मानता।

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बस्तर ओलंपिक नक्सलवाद के कॉफिन में अंतिम कील ठोकने का काम करेगा। बस्तर ओलंपिक लाखों आदिवासी युवाओं को गलत रास्ते में जाने से रोकेगा और उन्हें भारत निर्माण से जोड़ेगा। शाह ने कहा कि बस्तर ओलंपिक क्षेत्र में शांति सुरक्षा और विकास की नई नींव डालने वाला है। बस्तर बदल रहा है, से बस्तर बदल गया, के यात्रा की शुरुआत इस ओलंपिक ने की है। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि दुनिया में जब भी भारत को किसी स्पर्धा में मेडल मिलता है तो उसमें से आधे मेडल हमारे आदिवासी बच्चें लेकर आते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों की और विकास की जो आज शुरुआत हुई है, वह आने वाले दिनों में बस्तर के आदिवासी बच्चों के लिए विश्व भर के क्षितिज खोलेगा। शाह ने नक्सलवाद को छोड़कर मुख्य धारा से जुड़ने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।**

## किसानों ने सरकार को दिया एक दिन का समय, दिल्ली कूच 8 तक स्थगित

**नई दिल्ली।** शंभू सीमा पर किसानों का दिल्ली कूच का प्रयास एक बार फिर विफल हो गया है। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने आंसू गैस के गोले छोड़े जाने और कुछ किसानों के घायल होने के बाद किसानों के जत्थे को वापस बुलाने का ऐलान किया है। पंढेर ने सरकार पर किसानों के साथ दुश्मनी का व्यवहार करने का आरोप लगाया है। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने बताया कि अब 101 किसानों का जत्था रविवार दोपहर 12 बजे दिल्ली की ओर बढ़ेगा। पंढेर ने कहा कि हरियाणा पुलिस के एसपी से हुई बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने एसपी से केंद्र सरकार से बातचीत की मांग की है और विशेष रूप से कृषि मंत्री से बात करने की इच्छा जताई है।

CMYK

# सरकार धान खरीदी से बचने मिलर्स को भड़का कर आंदोलन करवा रही : कांग्रेस

### कस्टम मिलिंग की दर को कम करना मिलर्स के साथ अन्याय

रायपुर /15 दिसंबर 2024/ प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मिलर्स की मांग जायज है सरकार को तत्काल उसे पूरा करना चाहिए लेकिन सरकार धान खरीदी से बचने के लिए मिलर्स कि समस्याओं को अनसुना कर मिलर्स को भड़काकर आंदोलन करवा रही है ताकि धान खरीदी प्रभावित हो। 14 नवंबर को धान खरीदी शुरू हुई उस दिन से लेकर आज तक किसान टोकन, बारदाना की कमी,धान तौलाई में गड़बड़ी और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने के साथ एक मुश्त 3100 रु प्रति क्विंटल की दर से भुगतान की मांग को लेकर कई बार आंदोलन कर चुके हैं विपक्ष लगातार धान खरीदी में अव्यवस्था को सुधारने की मांग कर रहा है। इसके बावजूद सरकार हठधर्मिता अपनाई हुई है रोज नए-नए समस्या उत्पन्न करके धान खरीदी में बाधा उत्पन्न कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान कस्टम मिलिंग के लिए 120 रुपए की दर से भुगतान होता रहा है भाजपा की सरकार ने उस दर में 35त्न की कटौती कर दी है जबकि डीजल के दाम बढ़े है बिजली बिल में 17 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है और ट्रांसपोर्टिंग चार्ज, मजदूरी के दर में बढ़ोतरी हुई है ऐसे में मिलर्स घाटा में कस्टम मिलिंग कैसे करेंगे? सरकार अपने फायदे के लिए दामों में तो वृद्धि करती है पर जब आम लोगों को भुगतान करना होता है तो पूर्व निर्धारित दरों में कटौती करती है यह सरासर अन्याय है और यह एक प्रकार से षड्यंत्र है सरकार की क्षमता नहीं है कि वह वादा अनुसार किसानों से धान की खरीदी कर सके। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा का दावा था कि डबल इंजन की सरकार बनने के बाद किसी प्रकार से आर्थिक समस्या नहीं होगी और 1 साल में ही प्रदेश में ढेर सारी समस्याएं व्याप्त हो गई है सरकार कर्ज के ऊपर कर्ज ले रही है जनता पर महंगाई का बोझ लाद रही है और किसानों को धोखा दे रही है डबल इंजन सरकार में जो आर्थिक संसाधन मजबूती से मिलने का जो वादा था वह 12 महीने में दिखा नहीं है भाजपा के सारे दावे हवा हवाई साबित हुए।



## खाद्य विभाग की टीम द्वारा रायपुर, धमतरी, महासमुंद, राजनांदगांव सहित अन्य जिलों में स्थित राईस मिलों का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

रायपुर 15 दिसंबर / खाद्य विभाग की टीम द्वारा आज रायपुर, धमतरी, महासमुंद और राजनांदगांव जिले में स्थित राईस मिलों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें आर.टी. राईस मिल (प्रो. प्रमोद जैन) के परिसर पर विधिक कार्यवाही की गई। आर.टी. राईस मिल द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में कस्टम मिलिंग हेतु पंजीयन कराने के उपरांत भी अनुमति एवं अनुबंध का निष्पादन नहीं कराया गया है। शासकीय धान का उठाव नहीं किया जा रहा है। मिल परिसर में 390 क्विंटल उसना चावल एवं 1200 क्विंटल धान फ्री सेल प्रयोजन हेतु पाया गया, जो कि प्रथम दृष्टया छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश, 2016 का उल्लंघन है। मिल परिसर को सील कर धान एवं चावल को जब्त कर लिया गया है। जांच दल में तहसीलदार श्री बाबूलाल कुर्रे, नायब तहसीलदार श्री राजेन्द्र चन्द्राकर, सहायक खाद्य अधिकारी श्रीमती बिन्दु प्रधान सम्मिलित थे।

इसके अतिरिक्त जिला महासमुंद में श्रीवास्तव राईस मिल, नारायण राईस मिल, माँ लक्ष्मी राईस मिल, जिला धमतरी में आकांक्षा राईस मिल, जिला राजनांदगांव में अतुल राईस मिल में जांच टीम द्वारा दबिश दी गई है एवं नियमानुसार जांच किया जा रहा है।

## नेशनल लोक अदालत में 56,229 लंबित मामलों का निराकरण एवं 11,12,44,577 रूपये के अवार्ड

### 25 खण्डपीठों का गठन कर किया गया मामलों का निराकरण

महासमुंद, 15 दिसम्बर (आरएनएस)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश, श्रीमती अनिता डहरिया के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व के अधीन आज जिला न्यायालय महासमुंद एवं तहसील पिथौरा, सरायपाली, बसना और बागबाहरा स्थित सिविल, श्रम न्यायालय एवं राजस्व न्यायालयों सहित कुल 25 खण्डपीठों का गठन कर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद, (छ0ग0) के सचिव, श्री दामोदर प्रसाद चन्द्रा द्वारा जानकारी दी गई कि नेशनल लोक अदालत की उक्त सभी खण्डपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयकों के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गये थे। उक्त मामलों के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधि0 की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 (क) के तहत विद्युत चोरी के मामले तथा सिविल मामले भी नियत किये गये थे। उक्त खण्डपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई करते हुए जिला महासमुंद स्थित विभिन्न न्यायालयों में प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार प्री-लिटिगेशन संबंधित मामलों में बैंक रिकवरी के 63 प्रकरणों में 12 लाख 85 हजार 710 रूपए अवार्ड पारित किया गया।

# 25 लाख का ईनामी नक्सली पेशे से था इंजीनियर

रायपुर, 15 दिसंबर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। इसमें बड़े कैडर के नक्सली भी मारे जा रहे हैं। दो दिनों पहले अबूझमाड़ में हुई मुठभेड़ में 25 लाख रुपए का इनामी नक्सली भी ढेर हो गया, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृत नक्सली पेशे से इंजीनियर था। मारा गया। पता चला है कि वो नक्सल संगठन में आने के पहले इंजीनियर था. इसका एनकाउंटर पुलिस की बड़ी उपलब्धियों में से एक है. इससे पहले भी कई मुठभेड़ों में वो फंसा चुका था, लेकिन वह किसी न किसी तरह से बच निकलता था। अबूझमाड़ के जंगल में हुए मुठभेड़ में इस बार वो बच नहीं पाया और ढेर हो गया। कहा जा रहा है कि मृत नक्सली आंध्रप्रदेश के जिला गुंटूर के पोचमपल्ली का रहने वाला था। उसका असली नाम मोहन राव है. इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया था. लेकिन फिर नक्सल संगठन से जुड़ गया था। इसके बाद मोहन राव उर्फ रामचन्द्र उर्फ कार्तिक उर्फ दसरू उर्फ दसरन्ना उर्फ नरेश उर्फ लखमू उर्फ जीवन इन नामों से जाना जाता था. छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश में इसकी सक्रियता थी।



### 4.200 किलोग्राम गांजा व 48 हजार नगदी के साथ तस्कर गिरफ्तार

रायपुर, 15 दिसंबर (आरएनएस)। ग्रीन लाईट ढाबा के पास गांजा तस्कर गिरफ्तार हुआ है। एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को सूचना प्राप्त हुई कि थाना तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत ग्रीन लाईट ढाबा के पास 01 व्यक्ति दोपहिया वाहन गांजा रखा है तथा बिक्री कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तेलीबांधा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये वाहन एवं हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम संजू उर्फ संजय मराठा निवासी तेलीबांधा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी संजू उर्फ संजय मराठा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4.200 किलोग्राम गांजा, नगदी ब्रिकी रकम 48,000 रूपये तथा प्रकरण से संबंधित दोपहिया वाहन

## हादसों को रोकने पुलिस ने लगाया गया स्टॉपर एवं आदेशात्मक गतिसीमा बोर्ड

धमतरी-रायपुर, 15 दिसंबर (आरएनएस)। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने पुलिस अधीक्षक धमतरी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार उप पुलिस अधीक्षक यातायात मणीशंकर चन्द्रा के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा ग्राम दुगली, धमतरी-नगरी राजकीय राजमार्ग 23, जहाँ से अनेक छोटी बड़ी वाहनें प्रतिदिन तेज रफ्तार से गुजरती है, जिससे सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, दुर्घटना की रोकथाम एवं स्कूली छात्र-छात्राओं के सुरक्षा के दृष्टिगत शास0 उच्च0 मा0 वि0 एवं गट्टासिल्ली मोंड़ दुगली के पास वाहनों के गति नियंत्रण हेतु स्टापर का जिग-जैग बनाकर लगाया गया। इसी क्रम में कल दिनांक 14.12.24 को सेहरा डबरी के पास घटित सड़क दुर्घटना जिसमें भखारा थाना में पदस्थ पुलिस आरक्षक केशव मुरारी सोरी जी की तेजगति से चल रहे अज्ञात टैंकर वाहन के द्वारा ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से मौके पर ही फौत हो गया उक्त घटना स्थल का निरीक्षण कर सड़क सुरक्षा उपाय के तहत सड़क दुर्घटना की पुनरावृत्ति रोकने एवं तेजगति से चलने वाले वाहनों में अंकुश लगाने हेतु घटना स्थल सेहराडबरी के पास स्टापर का जिग-जैग बनाकर आदेशात्मक गतिसीमा बोर्ड लगाया गया। यातायात पुलिस सभी वाहन चालकों से अपील करती है कि तेजगति से वाहन चलाते हुए वाहन को ओवरटेक न करें, खाली जगह मिलने पर ही वाहन ओवरटेक करे, आबादी क्षेत्र में वाहन को धीमी चलायें यातायात नियमो का पालन करें यातायात पुलिस का सहयोग करें।

## डॉ– मनसुख मंडाविया मंगलवार को फिट इंडिया साइकिलिंग शुभारंभ करेंगे

राजनांदगांव, 15 दिसम्बर (आरएनएस)। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डा. मनसुख मंडाविया 17 दिसम्बर 2024 को नई दिल्ली में 'फिट इंडिया साइकिलिंग मंगलवार पहल को हरी झंडी दिखाएगे। उसी दिन साइकिलिंग कार्यक्रम का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र राजनांदगांव में किया जाएगा। के पी त्रिपाठी केंद्र प्रभारी ने बताया कि राजनांदगांव में 17 दिसम्बर 2024 को कार्यक्रम गुरुनानक स्कूल से गौरव पथ होते हुए वापस गुरुनानक स्कूल में समाप्त होगी । साइकिलिंग कार्यक्रम ने सेंटर के खिलाडी स्कूल की छात्र छात्राएं तथा एथलीट्स के साथ-साथ स्थानीय फिटनेस उत्साही और खेल प्रेमी शामिल होंगे। मंगलवार को एसटीसी राजनांदगांव में होने वाले कार्यक्रम में साईकिल को परिवहन के एक स्थायी साधन और व्यायाम के रूप में बढ़ावा देने के लिए क्षेत्र की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया जाएगा। युवा मामले और खेल मंत्रालय भारतीय साइकिलिंग महासंघ (ष्टस्नढ्ढ), रूङ्ख भारत, स्ढ्ढ, क्षेत्रीय केंद्रों राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (हृष्टह्रश्व) खेलों इंडिया सेंटर (चढ्डष्ट) और



जिला प्रशासन के साथ सीधे सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। फिट इंडिया साइकिंलिंग मंगलवार की पहल 17 दिसम्बर को पुरे भारत में 1000 से अधिक स्थानों पर होगी साथ ही भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय केंद्रों में एक साथ कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। शुभारंभ के बाद साइकिलिंग कार्यक्रम पुरे देश में हर मंगलवार को जारी रहेंगे। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2019 में शुरू किया गया फिट इंडिया अभियान एक बुनियादी कार्यक्रम है जो भारत को खेल महाशक्ति बनाने का मार्ग प्रशस्त करता है। यह अभियान समग्र रूप में स्वास्थ्य पहलू खेल पहलू और देश में स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

# नेशनल लोक अदालत का प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया शुभारंभ

### अधिक से अधिक प्रकरणों को निराकृत करने लिए दिया प्रोत्साहन

दंतेवाड़ा, 15 दिसम्बर (आरएनएस)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, ''नालसा'' नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार आज दिनांक 14 दिसंबर को जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा के अलावा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुकमा, बीजापुर के व्यवहार न्यायालय में तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बचेली के साथ-साथ तीनों राजस्व जिला दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर के न्यायालयों में एक साथ नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर




पर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ करते हुए प्रधान जिला न्यायाधीश विजय कुमार होता ने समस्त पीठासीन अधिकारियों, न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं व कर्मचारियों को अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करने हेतु प्रोत्साहित कर शुभकामनाएं दी गई। साथ ही उनके द्वारा नेशनल लोक अदालत में गठित समस्त खंडपीठों का निरीक्षण किया गया एवं राजीनामा के आधार पर निराकृत हुये प्रकरणों में. पक्षकारों को पौधा देकर पर्यावरण को संरक्षित रखने का संदेश दिया गया। ज्ञात हो कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री विजय कुमार होता के निर्देशानुसार इस लोक अदालत के लिए कुल 11 खंडपीठ का गठन किया गया था। उक्त नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम न्यायालयीन कर्मचारी पैरालीगल वालंटियर जिला प्रशासन जिला पंचायत नगर पालिका, विद्युत विभाग, बी.एस.एन.एल. विभाग एवं समस्त बैंकों का भरपूर सहयोग रहा है। नेशनल लोक अदालत में उपस्थित पक्षकारों को विधिक रूप से जागरूक करने के लिए ''नालसा एवं सालसा'' द्वारा विभिन्न कानूनी विषयों पर निर्मित लघु फिल्मों का प्रसारण न्यायालय भवन में लगे हुए

## शिक्षकों के कौशल उन्नयन के लिए एक दिवसीय मंथन स्मार्ट टीचर कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न

### शिक्षकों को बेहतर मार्गदर्शन मिलने से हमारे विद्यार्थियों का भी होगा सम्पूर्ण मानसिक विकास : भावना बोहरा

कवर्धा । शिक्षा, सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं क्षेत्र के विकास हेतु लगातार पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में सराहनीय प्रयास एवं पहल की जा रही है। क्षेत्रवासियों को उनकी रुचि अनुरूप शिक्षा एवं जानकारी प्राप्त करने हेतु विधानसभा के 75 ग्राम पंचायतों लाइब्रेरी स्थापना की घोषणा के बाद अब उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिए उनके द्वारा मंथन स्मार्ट टीचर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम, कवर्धा में किया गया। इस कार्यशाला में खुद भावना बोहरा ने शिक्षकों के साथ संवाद कर विद्यार्थियों के बेहतर परिणाम लाने व शिक्षा को और बेहतर बनाने से लेकर उसमें सुधार व बेहतर मैनेजमेंट एवं स्मार्ट क्लास सहित विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान अनुभवी व प्रख्यात कैरियर काउंसलर एवं साइकोलॉजिस्ट डॉ. अजीत वरवंडकर ने भी शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि हमारे शिक्षकों के कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। वे क्षेत्र की प्रगति के साथ ही इसके सूत्रधार हमारे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अथक परिश्रम करते हैं,उनके ज्ञान का विस्तार करते हैं। वर्तमान समय में हमारी शिक्षा आधुनिकता एवं टेक्नोलॉजी के साथ जुड़ रही है,ऐसे में हमारे शिक्षक भी स्मार्ट और टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ ही अच्छे परिणाम भी हमें प्राप्त हो सकते हैं।आज इसी उद्देश्य से हमने मंथन स्मार्ट टीचर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें हमारे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के साथ हमने संवाद किया। कैसे हम शिक्षा को तकनीक के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण दें, क्लास रूम मैनेजमेंट, आगामी परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने व पाठ्यक्रम के संबंध में चर्चा की। इसके साथ ही नई शिक्षा नीति व शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के कौशल उन्नयन के संदर्भ में भी इस कार्यशाला में सार्थक संवाद हुआ है ।



## यातायात पुलिस ने वाहनों के गति नियंत्रण के लिए लगाया गया स्टॉपर एवं आदेशात्मक गतिसीमा बोर्ड

### धमतरी पुलिस यातायात द्वारा सड़क दुर्घटना रोकने लगातार किया जा रहा है प्रयास

धमतरी, 15 दिसम्बर (अआरएनएस)। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने पुलिस अधीक्षक धमतरी श्री आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री मणीशंकर चन्द्रा के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा ग्राम दुगली, धमतरी-नगरी राजकीय राजमार्ग 23, जहाँ से अनेक छोटी बड़ी वाहनें प्रतिदिन तेज रफ्तार से गुजरती है, जिससे सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, दुर्घटना की रोकथाम एवं स्कूली छात्र-छात्राओं के सुरक्षा के दृष्टिगत शास0 उच्च0 मा0 वि0 एवं गट्टासिल्ली मोंड़ दुगली के पास वाहनों के गति नियंत्रण हेतु स्टापर का जिग-जैग बनाकर लगाया गया।इसी क्रम में कल दिनांक 14.12.24 को सेहरा डबरी के पास घटित सड़क दुर्घटना जिसमें भखारा थाना में पदस्थ पुलिस आरक्षक श्री केशव मुरारी सोरी जी की तेजगति से चल रहे अज्ञात टैंकर वाहन के द्वारा ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से मौके पर ही फौत हो गया उक्त घटना स्थल का निरीक्षण कर सड़क सुरक्षा उपाय के तहत सड़क दुर्घटना की पुनरावृत्ति रोकने एवं तेजगति से चलने वाले वाहनों में अंकुश लगाने हेतु घटना स्थल सेहराडबरी के पास स्टापर का जिग-जैग बनाकर आदेशात्मक गतिसीमा बोर्ड लगाया गया।

यातायात पुलिस सभी वाहन चालकों से अपील करती है कि तेजगति से वाहन चलाते हुए वाहन को ओवरटेक न करें, खाली जगह मिलने पर ही वाहन ओवरटेक करे।

# राष्ट्रपति निशान हमारे जवानों की कर्तव्यनिष्ठा, साहस और समर्पण का प्रतीक : मुख्यमंत्री

### छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए ऐतिहासिक दिन : गृह मंत्री अमित शाह ने सौंपा राष्ट्रपति निशान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित बेहद गरिमामय कार्यक्रम में राज्य की पुलिस को राष्ट्रपति निशान (पुलिस कलर्स अवार्ड-2024) सौंपा। यह देश के सशस्त्र बलों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। विगत 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ पुलिस की असाधारण सेवाओं, बहादुरी और कर्तव्यपरायणता के लिए राज्य को यह सम्मान मिला है। छत्तीसगढ़ यह सम्मान हासिल करने वाला देश का सबसे युवा राज्य है, जिसने अपने गठन के मात्र 24 वर्षों में ही यह उपलब्धि हासिल की है।





गृह मंत्री श्री अमित शाह ने राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड केवल एक सम्मान नहीं है, यह सेवा और कर्तव्य का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सलवाद, संगठित अपराध और मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में जो साहस और प्रतिबद्धता दिखाई है, वह अभूतपूर्व है। छत्तीसगढ़ पुलिस देश के सर्वश्रेष्ठ और बहादुर पुलिस बलों में से एक बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ और देश को नक्सलमुक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ और देश से नक्सलवाद का पूर्णतः खात्मा हो जाएगा। श्री शाह ने छत्तीसगढ़ पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि इसने न केवल कानून और व्यवस्था को बनाए रखा है, बल्कि जनता के विश्वास को भी मजबूत किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड पुलिस बल के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा, उनका हौसला और मनोबल बढ़ाएगा।

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जांबाज पुलिस को राष्ट्रपति निशान सौंपना मेरे लिए भी गर्व की बात है। यह सम्मान छत्तीसगढ़ की पुलिस की कड़ी मेहनत, समर्पण और जनता के प्रति लगाव का द्योतक है। छत्तीसगढ़ की पुलिस नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील ठोंकने की तैयारी में है। यहां की पुलिस ने कानून-व्यवस्था और नक्सल मोर्चे के साथ ही कोरोना महामारी में भी बहुत अच्छा काम किया है। उन्होंने नक्सलियों से हथियार छोड़कर मुख्य धारा में लौटने की अपील की। श्री शाह ने समारोह में देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को आज उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का जो कार्य किया, उसे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद-370 को हटाकर और मजबूत किया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ पुलिस के जवानों और अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के केवल 24 वर्षों में हमारे पुलिस बल को उनकी असाधारण सेवाओं और जनता के प्रति समर्पण के लिए मिला है। यह सम्मान न केवल पुलिस बल के मनोबल को बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें और अधिक उत्साह के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

मुख्यमंत्री ने एंटी-नक्सल ऑपरेशनों में छत्तीसगढ़ पुलिस की सफलता पर कहा कि बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा में लौटने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास की बेहतर व्यवस्था और विशेष प्रावधान सरकार द्वारा किए गए हैं। भारत सरकार की नीति के अनुरूप हिंसा का रास्ता छोड़ आत्मसमर्पण करने वालों को तत्काल ट्रांजिट कैम्प में रखने की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही उन्हें तीन साल तक 10 हजार रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड के तौर पर देने की व्यवस्था की गई है। उनके कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की कुशल नेतृत्व में पिछले एक वर्ष में विकास के नए आयाम किए गए स्थापितः विधायक रायमुनी भगत

### मोदी की गारंटी तेजी से किया जा रहा है लागू, विष्णु के सुशासन में खुशहाल है जनता

### भ्रष्टाचार के खिलाफहो रही है कार्रवाई, भर्ती में बरती जा रही है पारदर्शिता



जशपुरनगर । मुख्यमत्री श्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर ''सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल'' विषय पर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने एक वर्ष में राज्य सरकार के द्वारा किए गए विकासकार्यों और उपलब्धियों को पत्रकारों से साझा किया। विधायक ने कहा की 13 दिसम्बर को हमारी सरकार का पहला साल पूरा हो गया है। यह साल आप सभी की सहभागिता और विश्वास के साथ विकास के लिए समर्पित रहा। बीते 12 महीनों में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विकास के अनेक नये आयाम स्थापित किए हैं। इनमें से कुछ आप लोगों के साथ साझा कर रही हूं। इस एक साल में हमारी सरकार ने प्रदेश के सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया और उपलब्धियां हासिल किए। हमारी प्राथमिकता में वे लोग रहे जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं।

विधानसभा चुनाव के दौरान हमने जो प्रदेश के नागरिकों से वादा किया था कि यदि हमारी सरकार बनी तो हम प्रदेश में सुशासन की स्थापना करेंगे। भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करेंगे। आप लोगों ने देखा कि सरकार बनते ही हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ किस तरह तत्परता के साथ कार्यवाही की। जो लोग भ्रष्टाचार के मामलों में लिप्त पाए जा रहे हैं। उन्हें जेल भेजा जा रहा है। हमारा प्रयास है कि आम नागरिकों को छोटे छोटे कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। एक क्लिक में अथवा एक फोन कॉल में उनके काम हो जाने चाहिए। विधानसभा चुनाव के दौरान हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रदेश के लोगों को जो गारंटियां दी थीं उनमें से अधिकांश गारंटियों को हमारी सरकार ने एक वर्ष की अल्प अवधि में ही पूरा कर दिया है। हमारी सरकार ने किसानों से किया गया वादा पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की रिकॉर्ड खरीदी की। हमारी सरकार ने अपने वादे के मुताबिक किसान भाई-बहनों को दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए का अंतरण भी किया। प्रदेश की माताओं-बहनों से किए गए वादे को पूरा करते हुए तीन माह के भीतर ही महतारी वंदन योजना शुरू की गई। इसका लाभ 70 लाख माताओं एवं बहनों को मिल रहा है। अब तक इस योजना की 10 किश्तों में 6530 करोड़ रुपए अंतरित किए जा चुके हैं। जरूरतमंद परिवारों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने के अपने वादे को पूरा करने के लिए सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया। हमारी सरकार ने प्रदेश के 68 लाख गरीब परिवारों को पांच साल तक मुफ्त राशन देने की योजना शुरू की।

हमारी सरकार ने राज्य के जनजातीय समाज के गौरव को फिर से ऊंचाई पर स्थापित करने में सफलता प्राप्त की है। उनकी आय और रोजगार में वृद्धि के लिए अनेक कदम उठाए गए। तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रुपए मानक बोरा से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए मानक बोरा कर दी

# राज्यपाल रमेन डेका ने टी. बी. मरीजों के लिए प्रदाय किए फुड बास्केट



### राज्यपाल निःक्षय मित्र बनकर 10 टी बी मरीजों की करेंगे मदद

रायपुर, 15 दिसंबर (आरएनएस)। राज्यपाल रमेन डेका ने अपने धमतरी प्रवास के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के क्षयमुक्त भारत अभियान योजना अंतर्गत 3 निक्षय मित्रों के माध्यम से 3 टी. बी. के मरीजों के लिए प्रोटिनयुक्त फूड बास्केट प्रदाय किये। इस दौरान राज्यपाल श्री डेका ने मरीजों को समझाईश देते हुए कहा कि टी. बी. से घबराना नहीं, यह बीमारी दवाई के नियमित सेवन एवं उचित खानपान से पूर्णतः ठीक हो जाता है। राज्यपाल स्वयं निक्षय मित्र बनकर जिले के 10 टी. बी. मरीजों की मदद करेंगे। टी बी मरीजों को दिये जाने वाला फूड बास्केट जिसकी लागत 500 रूपए होती है, जिसमे पौष्टिक खाद्य पदार्थ होते हैं, जिनके सेवन से मरीजों को ताकत मिलती है और वे जल्दी ठीक हो पाते है। निक्षय मित्र के रूप में 6 माह या उससे अधिक समय के लिए बना जा सकता है।

राज्यपाल श्री डेका ने प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान की गतिविधियों में रेडक्रॉस को भी जोड़ने के निर्देश दिए।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वामी विवेकानंद विमानतल पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया आत्मीय स्वागत



रायपुर, 15 दिसम्बर (अअरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह का आज स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर पहुंचने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, विधायक श्री किरण सिंह देव, डीजीपी श्री अशोक जुनेजा, कलेक्टर डॉ गौरव सिंह, एसपी श्री लाल उम्मेद सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

# भीषण चक्रवाती तूफान की दस्तक, 6 राज्यों में भारी बारिश, 11 में कोल्ड वेव

रायपुर, 15 दिसम्बर (आरएनएस)। एक ओर देश हाड़ कंपाने वाली ठंड की चपेट में है। दूसरी ओर भीषण चक्रवाती तूफान दस्तक दे रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (ढ्ढरूष्ठ) ने अगले एक हफ्ते तक देशभर में शीत लहर चलने, घना कोहरा छाने, बर्फबारी और भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार, ठंड बढ़ने के कई कारण हैं। जैसे पश्चिम-उत्तर भारत में 12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर 278 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से ठंडी हवाएं चल रही हैं। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) भी एक्टिव है, जिससे बर्फपिघल रही है और उत्तर भारत-मध्य भारत सूखी ठंड की चपेट में है। पाकिस्तान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने से जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी हो रही है। मन्नार की खाड़ी और उसके आसपास के एरिया में लो प्रेशर वाला एरिया बना हुआ है। इसके अगले 24 घंटों में पश्चिम की ओर बढ़ने और कम होने की संभावना है। 14 दिसंबर के आस-पास दक्षिण अंडमान सागर पर ऊपरी हवा का चक्रवात बनने की



संभावना है। 15 दिसंबर के आसपास इसके लो प्रेशर वाला एरिया बनने और अगले 48 घंटों के दौरान पश्चिम-उत्तर-पश्चिम में तमिलनाडु तटों की ओर बढ़ने की संभावना है। इसके असर से दक्षिण भारत के कई राज्यों में भारी बारिश होने की चेतावनी है।मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गंगीय पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड में शीत लहर से गंभीर शीत लहर चलने के आसार हैं। आज 14 दिसंबर को मध्य प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में कोल्ड डे की स्थिति होने की संभावना है। ओडिशा, पूर्वी उत्तर प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में 20 दिसंबर तक घना कोहरा छा सकता है। उत्तराखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में ग्राउंड फ्रॉस्ट की स्थिति होने की संभावना है। दक्षिण भारत के राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक, पुडुचेरी में भारी से बहुत भारी बारिश होने की चेतावनी है।

### अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के पुनः प्रांत अध्यक्ष संतोष खांडेकर चुने गए-विजय झा

**रायपुर।** अंशकालिक स्कूल सफाई कर्मचारी संघ का रविवार को निर्वाचन संपन्न हुआ सैकड़ो पदाधिकारी की उपस्थिति में पुनः संतोष खांडेकर प्रांतीय अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष धनीराम टांडिया कांकेर एवं रामदयाल निर्मलकर बिलासपुर चुने गए। इसके अतिरिक्त महिला प्रकोष्ठ अनसूया सोनवानी प्रदीप वर्मा मीडिया प्रभारी, सह मीडिया प्रभारी प्रेम प्रकाश वर्मा को चुना गया। कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने बताया है कि विगत दोनों सरकारों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी घोषित न होने व अंशकालिक से पूर्णकालिक न होने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए आगामी आंदोलन की रणनीति बनाने के लिए आज निर्वाचन संपन्न हुआ। धोखेबाजी वह प्रतिनिधिमंडल पर पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज किए जाने की निंदा करते हुए नगरी निकाय एवं पंचायत चुनाव के पूर्व फिर एक बार आंदोलन की रणनीति बनाने के लिए संतोष खांडेकर को अधिकृत किया गया।

### 1 वर्ष के कार्यकाल में संविदा प्लेसमेंट दैनिक वेतन भोगी नियमित नहीं हुए-नगर निगम धान खरीदी आंदोलनरत-विजय झा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद लगातार संविदा एवं प्लेसमेंट कर्मचारी संघर्ष कर रहे हैं। प्रदेश में 20 साल के सरकार में दोनों राजनीतिक दलों ने विपक्ष में रहते हुए समर्थन कर आश्वासन दिया, लेकिन सत्ता में आने के बाद भूल गए। आम आदमी पार्टी के कर्मचारी विंग के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार झा, अनुसूचित जाति विंग के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जांगड़े ने कहा है कि आज जब पूरे प्रदेश में एक वर्ष का जश्न मनाया जा रहा है, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रायपुर जाकर पीठ थपथपा रहे हैं, तब राजधानी को कलंकित करने वाले तूता धरना स्थल में नगर निगम प्लेसमेंट कर्मचारी एवं धान खरीदी केंद्र के कंप्यूटर ऑपरेटर, स्वच्छता दीदी, नगरीय निकाय के नियमित कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं। श्री झा ने कहा है की प्लेसमेंट कर्मचारी व सरकार के बीच में दलाल सक्रिय होते हैं, जो दोनों के बीच में दलाली खाकर कर्मचारियों का शोषण करते हैं।

### रामायण सर्व मानव जाति का है किसी एक जाति संप्रदाय का नहीं-लाटा महाराज

**रायपुर।** श्री महामाया देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास समिति महामाया मंदिर वार्ड पुरानी बस्ती रायपुर के तत्वाधान में 2 दिसंबर से जारी श्रीराम कथा कल मंगलवार को विराम लिया। अत्यंत भाव विभोर एवं भावुक वातावरण में श्रद्धालुओं ने महाराज श्री को व्यास पीठ से विदा किया?। कथा के प्रवचन कर्ता वाणी भूषण पं शंभू शरण लाटा ने कहा राम सत्ता के लिए नहीं, सत्य के लिए लड़ते हैं?। जिसका साक्षात उदाहरण है कि प्रभु ने बाली को मारा, सुग्रीव को राज सिंहासन सौंप दिया। लंका में विजय प्राप्त किया, राजसत्ता विभीषण को सौंप दिया। प्रभु राम की दृष्टि जिस पर पड़ जाए दुश्मन भी दोस्त हो जाते हैं। विभीषण दुश्मन का भाई था लेकिन प्रभु की दृष्टि पढ़ने पर मित्र बन गया। सुग्रीव को भी प्रभु का आशीर्वाद मिला। राम-राम कहेंगे तो हनुमान जी की दृष्टि में सज्जन बन जाएंगे। हनुमान जी अशोक वाटिका पहुंचे। एक वृक्ष के ऊपर बैठे हनुमान जी ने देखा सीता को रावण बहुत डरा रहा है।

# भाजपा संगठन-तंत्र को विस्तार देकर प्रदेशभर में मंडल इकाइयों की संख्या बढ़ाई गई

### प्रदेश अध्यक्ष देव ने बताया : पार्टी के कार्य को धरातल पर और मजबूती प्रदान करने के लिए मंडल इकाइयों की संख्या बढ़ाई गई

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बताया है कि भाजपा संगठन-तंत्र को विस्तार देकर उसे और मजबूत बनाने प्रदेशभर में मंडल इकाइयों की संख्या बढ़ाई गई है। पहले जहाँ प्रदेश में भाजपा की 405 मंडल इकाइयाँ थीं, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 476 हो गई है। श्री देव ने कहा कि पार्टी के कार्य को धरातल पर और मजबूती प्रदान करने के लिए मंडल इकाइयों की संख्या बढ़ाई गई है, जिससे पार्टी के संगठन तंत्र का विकेंद्रीकरण हो और पार्टी अधिक-से-अधिक लोगों से जुड़ सके और केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व कार्यों



का लाभ लोगों को दिलाने के लिए मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता अधिक सक्रियता से कार्य कर सकेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने प्रदेश भर में बढ़ाई गई मंडल इकाइयों का ब्योरा देते हुए बताया कि सरगुजा संभाग में सूरजपुर जिले में गोविंदपुर को एक नई मंडल इकाई बनाया गया है। इसी तरह बलरामपुर में वाड्रफनगर पूर्वी, एवं महावीर गंज के नाम से दो नए मंडल बनाए गए हैं। सरगुजा जिले में चार नए मंडल बनाए गए हैं परसा, अंबिकापुर शहर दक्षिण (समलाया), उदयपुर उत्तर, राजपुर को नया मंडल बनाया गया है। इस तरह सरगुजा संभाग में 7 नए मंडल बनाए गए है। पहले सरगुजा संभाग में 73 मंडल होते थे जो अब बढ़कर 80 हो गए हैं। बिलासपुर संभाग के रायगढ़ जिले में पहले 23 मंडल थे जिस में एक नया मंडल बनाकर कुल 24 मंडल हो गए हैं। किरोड़ीमल नगर को रायगढ़ जिले का नया मंडल बनाया गया है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ में पवनी को एक नया मंडल बनाया गया है। कोरबा जिले में पांच नए मंडल बनाए गए हैं जिसमें फरसवानी, सर्वमंगला जवाती, पोड़ी ताफ़, सिरमिना को नया मंडल बनाया गया है। कोरबा में कुल मंडलों की संख्या 19 से बढ़कर अब 24 हो गई है। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में मरवाही मध्य को नया मॉडल बनाया गया है।

### नेशनल लोक अदालत का प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया शुभारंभ

**दंतेवाड़ा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, ''नालसा'' नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार आज दिनांक 14 दिसंबर को जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा के अलावा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुकमा, बीजापुर के व्यवहार न्यायालय में तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बचेली के साथ-साथ तीनों राजस्व जिला दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर के न्यायालयों में एक साथ नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ करते हुए प्रधान जिला न्यायाधीश विजय कुमार होता ने समस्त पीठासीन अधिकारियों, न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं व कर्मचारियों को अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करने हेतु प्रोत्साहित कर शुभकामनाएं दी गई। साथ ही उनके द्वारा नेशनल लोक अदालत में गठित समस्त खंडपीठों का निरीक्षण किया गया।

# थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत सौ करोड़ की जमीन कब्जाने फर्जी दस्तावेज तैयार कर ठगी करने वाला आरोपी रजनीश कुमार जैन गिरफ्तार

### आरोपी द्वारा स्वयं को प्रार्थिया का भाई बताकर, बनवाया था फर्जी दस्तावेज

### आरोपी द्वारा तहसील कार्यालय में प्रार्थिया का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसियतनामा बनाकर किया गया था प्रस्तुत




**रायपुर।** प्रार्थिया श्रीमती कमलेश जैन ने थाना मंदिर हसौद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह एफ-10 ग्रीन पार्क एक्सटेंशन साऊथ वेस्ट दिल्ली की है तथा उसके स्वामित्व की भूमि ग्राम-तांदुल, प.ह.नं.20, रा.नि.मं. मंदिरहसौद, तहसील आरंग, जिला रायपुर छत्तीसगढ में स्थित है। जिसका भूमि खसरा नंबर क्रमशः 6, 12, 17, 18, 20, 25, 59, 75 एवं 84 रकबा क्रमशः 0.140 हे., 0.530 हे., 0.140 हे., 0.090 हे., 7.620 हे., 1.920 हे., 0.100 हे., 0.570 हे. एवं 1.880 हे. कुल रकबा 12.990 हेक्टेयर स्थित है, जिसका ऋण पुस्तिका क्र. 1496355 है। प्रार्थिया को कुछ समय पूर्व ज्ञात हुआ था कि रजनीश कुमार जैन एवं उसके साथियो के द्वारा प्रार्थिया को मृत बताकर उसके नाम का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र तथा उसका फर्जी वसीयतनामा श्रीमान तहसीलदार महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर मंदिर हसौद जिला रायपुर के कार्यालय में उपरोक्त भूमि के नामांतरण हेतु आवेदन किया गया था। जिसे तहसीलदार मंदिर हसौद के द्वारा दिनांक 06.08.2024 को निरस्त किया गया है। इस प्रकार रजनीश कुमार जैन एवं उसके साथियों द्वारा षडयंत्रपूर्वक प्रार्थिया से संबंधित फर्जी व्यक्तिगत दस्तावेज बनवाकर, कुटरचना कर प्रार्थिया के धोखाधड़ी किया गया है। जिस आरोपियों के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में अपराध क्रमांक 318(4), 336(3), 338, 340(2), 61(2), 3(5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री लाल उमेन्द सिंह द्वारा गंभिरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक माना श्री लम्बोदर पटेल तथा थाना प्रभारी मंदिर हसौद को आरोपियों की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन तथा थाना प्रभारी मंदिर हसौद के नेतृत्व में थाना मंदिर हसौद पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थिया से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर प्रकरण में संलिप्त आरोपियों का पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। प्रकरण में संलिप्त आरोपी घटना को अंजाम देने के पश्चात् से लगातार फरार चल रहे थे जिस पर पुलिस टीम के द्वारा उनके छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही कर उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को प्रकरण में संलिप्त मुख्य आरोपी रजनीश कुमार जैन की उपस्थिति के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी रजनीश कुमार जैन की पतासाजी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर उक्त ठगी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया है।

# भीषण चक्रवाती तूफान की दस्तक; 6 राज्यों में भारी बारिश, 11 में कोल्ड वेव, 8 में कोहरा



### छत्तीसगढ़ कांग्रेस विधायक दल की बैठक संपन्न

रायपुर । छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, छग सह प्रभारी जरीता लेफ्तलांग, श्री विजय जांगीड, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, श्री ताम्रध्वज साहू, डॉ. शिवकुमार डहरिया, धनेन्द्र साहू, श्री मोहम्मद अकबर, श्री जयसिंह अग्रवाल, मोहन मरकाम, प्रेमसाय सिंह टेकाम, अमरजीत भगत, गुरू रूद्र कुमार, श्रीमति अनिला भेड़िया, पूर्व विधायक श्री अमितेश शुक्ल , श्री अरूण वोरा, गुरूमुख सिंह होरा, श्री नोबेल वर्मा, श्री कुलदीप जुनेजा, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष श्री सुशील आंनद शुक्ला, कांग्रेस विधायक दल सचिव अमित पाण्डेय, प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता श्री घनश्याम राजू तिवारी, कांग्रेस विधायकगण भोलाराम साहू, श्री इंद्रशाह मंडावी, सावित्री मंडावी, श्री विक्रम मंडावी, यशोदा निलाम्बर वर्मा, कुंवर सिंह निषाद , संगीता सिन्हा, अंबिका मरकाम, द्वारिकाधीश यादव, दिलीप लहरिया, उत्तरी गणपत जांगड़े, शेषराज हरबंश, विद्यावती सिदार, अटल श्रीवास्तव, बालेश्वर साहू, ब्यास कश्यप, राघवेन्द्र सिंह, चतुरी नंद, फूलसिंह राठिया, कविता प्राणलहरे, संदीप साहू, जनक ध्रुव, ओंकार साहू, इंद्र साव, हर्षिता स्वामी बघेल की उपस्थिति में संपन्न हुई।।

## संपादकीय

### सभी पक्ष गंभीर पहलू पर विचार करें

यह बात शायद ही किसी के गले उतरेगी कि दोनों सदनों में संविधान के 75 साल पूरा होने के मौके पर दो-दो दिन की बहस या समाजवादी पार्टी को संभल के मुद्दे पर बोलने का मौका देना सरकार का झुकना है। संसद की कार्यवाही ना चलने देने के मुद्दे पर आखिरकार सरकार अपनी मनवाने में सफल रही। यह संभव हुआ, क्योंकि विपक्षी दलों के बीच रणनीति को लेकर बिखराव हो गया। अडानी और मणिपुर जैसे महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर बहस के लिए सरकार को मजबूर करने की कांग्रेस की प्राथमिकता से क्षेत्रीय दलों के मतभेद इतने गहराए कि वह अलग-थलग पड़ गई। उन दलों की अपनी प्राथमिकताएं हैं, जिन्हें सदन में उठाकर अपने समर्थक तबकों को वे संदेश देना चाहते हैं। वैसे भी किसी बड़े पूंजीपति के मुद्दे पर एक सीमा से ज्यादा जोर देना ज्यादातर दलों को अपने माफिक नहीं लगता। यह बात शायद ही किसी के गले उतरेगी कि दोनों सदनों में संविधान के 75 साल पूरा होने के मौके पर दो-दो दिन की बहस या समाजवादी पार्टी को संभल के मुद्दे पर बोलने का मौका देना सरकार का झुकना है।



## सरकार ओसीसीआरपी की साख पर सवाल उठा रही

हरिशंकर व्यास

कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी पर आरोप है कि वे देश में विकास को बाधित कर रहे हैं, निवेश रोकना चाहते हैं, देश को बदनाम कर रहे हैं आदि आदि। सवाल है कि क्या गौतम अडानी के खिलाफ कोई बात कहना देश के खिलाफ बोलना हो गया? पहले तो भाजपा और केंद्र सरकार के इकोसिस्टम ने यह नैरेटिव बनाया कि सरकार के खिलाफ या नरेंद्र मोदी के खिलाफ बोलना देश के खिलाफ बोलना होता है। उन्होंने प्रधानमंत्री और सरकार को ही देश बना दिया। अब क्या नरेंद्र मोदी वाली स्थिति ही गौतम अडानी की भी देश में बना रहे है, जो उनके खिलाफ बोलने को भी देश के खिलाफ बोलना कहा जाएगा?

इसी तरह दूसरा सवाल यह है कि ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट यानी ओसीसीआरपी की किसी रिपोर्ट का हवाला देना देश विरोधी कैसे हो गया? यह संस्था तो पूरी दुनिया में भ्रष्टाचार और संगठित अपराध के मामले खोलती है। इसका मतलब है कि संस्था भ्रष्टाचार विरोधी है। तो भ्रष्टाचार विरोधी संस्था भारत विरोधी संस्था कैसे हो गई? संस्था की रिपोर्ट भ्रष्टाचार के खिलाफ है और हम कह रहे हैं कि भारत के खिलाफ है। भाजपा का राहुल गांधी के ऊपर सबसे ज्यादा हमला इस बात को लेकर है कि उन्होंने ओसीसीआरपी की रिपोर्ट का बार बार हवाला दिया है। इस संस्था ने पेगासस से जासूसी का मामला खोला था और अडानी समूह द्वारा शेयर बाजार में हेराफेरी का भी खुलासा किया था। संस्था ने जो खुलासा किया उसके मेरिट पर बात करने की बजाय सरकार संस्था की साख पर सवाल उठा रही है।

बहरहाल, राहुल गांधी इस संस्था की रिपोर्ट का हवाला देकर सरकार को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं तो उनके एजेंडे पर सवाल उठाया जा रहा है और उनको देश विरोधी बताया जा रहा है। लेकिन ऐसा नहीं है कि वे यह मुद्दा नहीं उठाएंगे तो दुनिया इसके बारे में नहीं जानेगी। ओसीसीआरपी वैश्विक संस्था है, जिसमें दुनिया भर के पत्रकार जुड़े हैं यह रिपोर्ट दुनिया भर में देखी जाती है। इसका मतलब है कि राहुल गांधी मुद्दा नहीं भी उठाएं तब भी दुनिया के लोग जानेंगे कि भारत में क्या हो रहा है। वैसे राहुल गांधी ने अपना एजेंडा साफ कर दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि वे कारोबार विरोधी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वे एकाधिकारवाद के विरोधी हैं यानी दो चार लोगों के हाथ में सब कुछ सौंप देने का वे विरोध करते हैं। राहुल ने यह भी कहा कि अच्छे और ईमानदार उद्योगपति उनसे मिलते हैं तो उनकी बातों से सहमत होते हैं। उन्होंने कहा कि एकाधिकारवादी पूंजीपति राष्ट्रीय संस्थाओं के लिए ठीक नहीं हैं, प्रतिस्पर्धा के लिए ठीक नहीं हैं और छोटे उद्यमियों के लिए भी ठीक नहीं हैं।

QR CODE SCAN कर प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तकें पढ़िये ऑनलाईन

PM : 2024 - Vishwa Sarkar Ka Vikalp

Modimaya_Vaidik_Netritva

Rashtriya Ekta

DLF-Vadra-Bhrasht Tantra

Silent Assassins Jan11,1966

Accursed & Jihadi Neighbour

## दिल्ली की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा?

– ललित गर्ग




दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए फरवरी 2025 या उससे पहले चुनाव होने की संभावनाओं को देखते हुए राजनीतिक हलचलें एवं सरगर्मियां उग्र हो गयी है। इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने की तैयारी में जुट गई है। वहीं, भाजपा और कांग्रेस इस बार सत्ता में वापसी की तैयारी में जुटी है। भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव दूसरे प्रांतों की ही भांति बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के लड़ने का मन बना चुकी है और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी का मानना है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली में भाजपा के पास एक से एक मजबूत नेता हैं, लेकिन इनमें से कोई भी नेता मुख्यमंत्री के रूप में पार्टी के लिए पेश नहीं किया जा रहा है। भाजपा दिल्ली में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए नए तरीके से चुनावी तैयारियों में जुट चुकी है, वही कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को हासिल करने के लिये जद्दोजहद करती हुई दिखाई दे रही है। निश्चित ही इस बार का दिल्ली चुनाव आक्रामक एवं संघर्षपूर्ण त्रिकोणात्मक होगा। आप, कांग्रेस एवं भाजपा की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा, यह भविष्य के गर्भ है।

दिल्ली में भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण होने के साथ संघर्षपूर्ण भी है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में, जहां पार्टी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, उसे आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। तब भाजपा को दिल्ली में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रस्तुत करने से कोई बड़ा लाभ नहीं हुआ। इसके बजाए, भाजपा अब चुनावी रणनीतियों में बदलाव कर रही है और अपनी शक्ति को पार्टी संगठन और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी लोककल्याणकारी योजनाओं के बल पर मजबूत करने का प्रयास कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली भाजपा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में केंद्र सरकार के काम और योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि दिल्ली के लोग इससे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं, खासकर जब बात विकास, सुरक्षा, चिकित्सा और शिक्षा जैसे मुद्दों की हो। अगर भाजपा बिना किसी प्रमुख चेहरे के चुनाव लड़ती है तो यह असमंजस की स्थिति बनने की संभावनाएं तो पैदा कर ही सकती हैं। दूसरी ओर, यह फैसला एक रणनीतिक कदम हो सकता है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा का इस्तेमाल करके अन्य प्रांतों की भांति दिल्ली में भी चमत्कार घटित हो सकता है।

भाजपा ने यह भी तय किया है कि दिल्ली की जनता को बताया जाएगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके साथ वादाखिलाफी की है, वे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सड़कों की स्थिति में सुधार का वादा करके उन्हें जर्जर करते रहे हैं। भाजपा का मानना है कि मोदी सरकार की योजनाएं देशभर में सफलता प्राप्त कर रही हैं और इन्हें दिल्ली में लागू किया जाएगा। भाजपा को दिल्ली में हमेशा मिडिल और हाई मिडिल क्लास के लोगों की पार्टी माना जाता है। इसमें व्यापारिक समुदाय इसके कट्टर समर्थक हैं। लेकिन इस बार निचले तबको एवं गरीब लोगों के बीच उसे प्रभावी प्रयास करने होंगे। यह तो दिखता हुआ सच है कि दिल्ली में आप शासन में विकास अवरूद्ध हुआ है, पर्यावरण की समस्या उग्रतर हुई है, आप नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे एवं उनके नेता जेल यात्राएं की है। ऐसे अनेक गंभीर आरोपों के साथ भाजपा आप और उसके नेताओं पर आक्रमक होकर चुनावी परिदृश्यों को बदल सकती है।

भाजपा ने कमर कस ली है और उसके नेता लगातार जनता के बीच जाकर बदलाव की अपील कर रहे है। इसके तहत इन दिनों जहां परिवर्तन सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, वहीं अगले हफ्ते से पूरी दिल्ली में परिवर्तन यात्राएं भी निकाली जाएंगी। इन यात्राओं के माध्यम से आम मतदाताओं से निजी तौर पर मिलते हुए, उनसे बात करते हुए उनको पार्टी के साथ जोड़ा जायेगा। उनके दुःख-दर्द को सुना जायेगा। भाजपा का इतिहास रहा है कि वह आम जन तक पहुंचने के लिए ऐसी यात्राएं निकालती रही है एवं व्यक्तिगत संवाद स्थापित करती रही है। भाजपा नेता सतीश उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली में एक भ्रष्ट सरकार चल रही है लेकिन अब तो रंगदारी, वसूली, फिरौती और आम नागरिकों के बीच डर पैदा करने की भी कोशिश की जा रही है। इसके चलते दिल्ली की जनता अब सत्ता परिवर्तन के मूड में है और देशविरोधी मानसिकता वाली सरकार को इस बार विधानसभा से उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। देखना है कि भाजपा के इन आरोपों का जनता पर कितना असर होता है।

निश्चित ही दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जमीन अभी भी मजबूत है। इसीलिये 2025 के चुनाव कांग्रेस एवं भाजपा के लिये चुनौतीपूर्ण होने वाले है। 2020 में हुआ विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें जीती थीं। वहीं भाजपा को महज 8 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस का लगातार दूसरी बार दिल्ली से सफाया हो गया था। इस बार के चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ने अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उसके बाद आतिशी मार्लेना राज्य की मुख्यमंत्री बनी हैं। आप नेताओं ने चुनाव अभियान प्रारंभ कर दिया है। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन न करने का फैसला किया है। आप ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में भारी अंतर से जीत हासिल की है। आप के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि आप इस चुनाव में भी आसानी से जीत की ओर बढ़ रही हैं। इन स्थितियों में आप क्यों कांग्रेस या अन्य पार्टी के साथ गठबंधन करें? आप अभी भी निम्न-मध्यम वर्ग और झुग्गी-झोपड़ियों वाले इलाकों में काफी लोकप्रिय है।

आप का वोट शेयर पहले की तुलना में बढ़ा है और कांग्रेस कमजोर हुई है। हालांकि, 2013 में अपने पहले चुनाव के बाद से आप का वोट शेयर लगातार बढ़ता रहा। जबकि पिछले दशक में कांग्रेस को वोट देने वालों की संख्या में काफी कमी आई है। आप ने 2013 में अपने आश्चर्यजनक प्रदर्शन के साथ, कुल मतदान का 29 प्रतिशत वोट प्राप्त किया था। पार्टी को 70 में से 28 सीटों पर जीत मिली थी। आप ने कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाई थी। इससे कांग्रेस का वोट शेयर घटकर 24.5 प्रतिशत और सिर्फ आठ सीटों के साथ तीसरे स्थान पर आ गई थी। इसके बाद 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का वोट शेयर क्रमशः 9.7 प्रतिशत और 4.3 प्रतिशत तक गिर गया। वहीं, आप ने 54.6 प्रतिशत और 53.6 प्रतिशत वोट शेयर के साथ भारी जनादेश हासिल किया। लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एवं आप के बीच गठबंधन न होने का फायदा भाजपा को मिलता हुआ दिख रहा है। असल में आप के वोट कांग्रेस ही काटेगी।

कांग्रेस एक पुरानी राजनीतिक पार्टी है, जिसका दिल्ली में व्यापक जनाधार रहा है। लेकिन वह 'जीत' और 'गठबंधन' की मृगमरीचिका में भटकती रही है, अपनी स्वतंत्र पहचान को खोती रही है। आखिर कमजोर सियासी बैशाखियों के सहारे वह कैसे जीत को सुनिश्चित कर सकती है? कांग्रेस की एक ओर बड़ी विडम्बना है कि वह जरूरी मुद्दों को उठाने की बजाय मोदी-विरोध का ही राग अलापती रही है। मुद्दों के बियाबान में भटकती और फिर स्टैंड बदलती नजर आती है तो इसके केन्द्रीय नेतृत्व एवं रणनीतिकारों पर तरस आती है। जबकि कांग्रेस के जमीनी नेताओं के पास रणनीति और जनाधार दोनों है, इसलिए उसके जमीनी नेता व्यक्तिवादी मिशन में सफल रहे, लेकिन कांग्रेस दिन ब दिन डूबती चली गई। राजनीतिक परिस्थिति वश कभी दो डग आगे तो चार कदम पीछे चलने को अभिशप्त हो गई। इन स्थितियों में दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस कोई करिश्मा या चमत्कार कर पायेगी, इसमें संदेह ही है।

**यह निजी विचार है।**

## घर बैठे पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है, पोर्टल संपदा 2.0 में

संतोष मिश्रा

मध्यप्रदेश में विकसित की गई ई-पंजीयन एवं ई-मुद्रांक इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली का नवीन संस्करण 2.0 विकसित किया गया है। इससे नागरिकों को और बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में मदद मिली है।

संपदा 2.0 से कोई भी व्यक्ति अब घर बैठे निर्धारित दस्तावेजों का पंजीयन कर सकता है। इसके लिये विभागीय पोर्टल https://sampada.mpigr.gàæv.in पर कोई भी व्यक्ति स्वयं पंजीकृत होकर अपने दस्तावेज का पंजीयन अथवा ई-स्टाम्प जारी कर सकता है। राज्य सरकार ने इसकी प्रक्रिया को बहुत सरलीकृत कर दिया है। अब दस्तावेजों के पंजीयन के लिये कार्यालय आने अथवा सेवा प्रदाता की सेवाएं लेने की आवश्यकता नहीं रही है।

संपदा 2.0 पोर्टल में पंजीयन कार्य करने वाले पक्षकारों की ÷आधार÷ बेस्ड ई-केवायसी होगा। इसमें पेन कार्ड का सत्यापन आयकर विभाग के इंटीग्रेटेड सिस्टम पर आधारित होगा। संपत्ति की पहचान यूनिक आईडी से की जा सकेगी। संपत्ति की जियो मैपिंग के आधार पर ही गाइडलाइन दर निर्धारित होगी। इस आधार पर स्वत ही संपत्ति का मूल्यांकन हो जायेगा। इस सॉफ्टवेयर में ऑटोमेटिक प्रारूप आधारित लेखन की व्यवस्था की गई है। शुल्कों के भुगतान के लिये संपदा वॉलेट मौजूद है। समस्त भुगतान सायबर ट्रेजरी या संपदा वॉलेट से सिंगल क्लिक द्वारा किया जा सकता है। पोर्टल में दस्तावेजों के निष्पादन की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल हस्ताक्षर आधारित किया गया है। ई-हस्ताक्षर के साथ ऑटोमेटिकली पक्षकारों का फोटो अटैच होने संबंधित प्रबंध भी सॉफ्टवेयर में किया गया है।

संपदा 2.0 में चयनित दस्तावेजों के लिये फेसलेस पंजीयन का विकल्प भी उपलब्ध है। इसमें पंजीयन कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। दस्तावेजों के इलेक्ट्रॉनिकली प्रेजेन्टेशन एवं वर्चुअल फाइनल करने की सुविधा के साथ कार्यवाही के प्रमाणीकरण के लिये ओटीपी की सुविधा भी दी गई है। इसमें पंजीयन, रिटर्न, रिफ्यूजल की सुविधा भी इलेक्ट्रॉनिकली उपलब्ध है। यह पक्षकारों को वीडियो केवायसी से पंजीयन सुविधा भी देता है। इसमें दोनों मोड (असिस?टेड एवं नॉन असिस्टेड) उपलब्ध है। पंजीकृत दस्तावेजों का केवल इलेक्ट्रॉनिक संस्करण ही संधारित किया जायेगा।

संपदा 2.0 पोर्टल में पक्षकार स्वयं या सेवा प्रदाता के सहयोग से संपत्ति का पंजीयन कर सकता है। इसमें खरीदी या बेचे जाने वाली संपत्ति की पहचान संबंधित विभाग द्वारा प्रदत्त यूनिक आईडी तथा नक्शे पर चिन्हांकित संपत्ति से की जाती है। पक्षकारों की पहचान ÷आधार÷ बेस्ड ई-केवायसी से होती है। पोर्टल में चयनित दस्तावेज के आधार पर विलेख स्वत तैयार होता है। विलेख के प्रारूप पर इलेक्ट्रॉनिकली सहमति के बाद शुल्क का ऑनलाइन भुगतान होता है। इसके बाद ÷आधार÷ बेस्ड ई-साईन या डिजिटल साइन के द्वारा ऑनलाइन ही दस्तावेजों का निष्पादन हो होता है।

संपदा 2.0 पोर्टल में पंजीकरण के लिये 3 विकल्प (पारंपरिक रूप से कार्यालय में उपस्थित होकर, फेसलेस पंजीयन और रिमोट पंजीयन) उपलब्ध कराये गये है। पंजीयन के लिये सुविधा अनुसार कार्यालय में आने के लिये स्लॉट आरक्षित कर सकते है। फेसलेस और रिमोट पंजीयन में एआई आधारित वीडियो केवायसी से प्रत्येक पक्षकार की पहचान एवं लाइवलीनेस चेक किया जा सकता है। इसके द्वारा समस्त स्व-घोषणाओं की वीडियो रिकॉर्डिंग होती है। इसमें भी नॉन असिस्टेड विकल्प की स्थिति में ऑनलाइन प्रेजेन्टेशन होता है। पंजीयन के लिये स्लॉट बुकिंग के लिये असिस्टेड विकल्प की स्थिति में वर्चुअल इंटरेक्शन के लिये स्लॉट आरक्षण की सुविधा उपलब्ध है। 0-÷लाभार्थियों ने साझा किये अपने अनुभव÷प्पंजीयन विभाग की संपदा 2.0 लागू होने के बाद विभिन्न जिलों के लाभार्थियों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए इसे सुविधाजनक बताया है। गुना के विष्णु प्रसाद बशैया ने अनुभव साझा किया कि पूरा काम ऑनलाइन और पहले से अधिक व्यवस्थित रूप से हुआ है। गुना की अंकिता ने बताया कि संपदा 2.0 से कम समय में बेहतर तरीके से काम हो जाना संभव हो गया है।

## ग्राउंड जीरो पर बाल कल्याण क्षेत्र में 'यूनिसेफ' की भूमिका बेहतरीन

डॉ. रमेश ठाकुर

**बाल कल्याण की बात हो या उनके अधिकारों की रक्षा, दोनों में प्रहरी की भूमिका निभाती है 'यूनिसेफ'। इसलिए यूनिसेफ का नाम सुनते ही मन-मस्तिष्क में बच्चे ईद गिर्द घूमने लगते हैं। साथ ही उनकी समस्याओं और सुधारी प्रयासों का जिक्र भी होने लगता है। आज 'विश्व यूनिसेफ दिवस' है। एक ऐसी संस्था जो संसार के 190 देशों के बेहद दुर्गम स्थानों पर पहुंचकर कर बच्चों के अधिकारों की हिमायत के लिए मजबूती से लड़ती है। बाल कल्याण की सुविधाएं विश्व के प्रत्येक जरूरतमंद, कमजोर और वंचित बच्चों तक पहुंचे, इसलिए लिए यूनिसेफ की टीमें चौबीसों घंटों ग्रांउड जीरो पर तैनात रहती हैं। यूनिसेफ़ का मतलब होता है 'संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष' जिसका आरंभ 11 दिसंबर, 1946 को 'संयुक्त राष्ट्र महासभा' द्वारा किया गया था। शुरूआती वक्त में संस्थान में मात्र 43 देश शामिल हुए थे, लेकिन कुछ वर्षों बाद ये संख्या 100 पार कर गई। पर, आज इस संस्था में 190 मुल्क जुड़े हैं। संख्या में धीरे-धीरे इजाफा हो रहा है। यूनिसेफ के 5 लाख प्रतिनिधि इस समय पूरे संसार में कार्यरत हैं। वहीं, भारत में 18 हजार के करीब वर्कर दुर्गम स्थानों पर बाल कल्याण के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। बाल तस्करी की रोकथाम में इनकी अगल से टीमें कार्य करती हैं।**



हिंदुस्तान में रोजाना करीब 69,000 बच्चे पैदा होते हैं। उन सभी नौनिहालों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और बाल संरक्षण में यूनिसेफ इंडिया बेहतरीन कदम उठाने को संकल्पित होता है। मौजूदा समय में यूनिसेफ की टीमें युद्धग्रस्त यूक्रेन-रूस, ईरान-इराक, अफगानिस्तान जैसे मुल्कों में अधिकांश जुटी हैं। वहां अभावग्रस्त बच्चों की परवरिश करने के अलावा उनकी शिक्षा-स्वास्थ्य में लगे हैं। वैसे देखा जाए तो, विश्व को यूनिसेफ़ की कार्यशैली द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान तब ज्यादा दिखी, जब इनके योद्धाओं ने बिना अपनी जान की परवाह किए युद्ध से आहत, असहाय, बेघर बच्चों को जरूरती सामानों की आपूर्ति, विभिन्न किस्म की सहायताएं और स्वास्थ्य में सुधार के अभियानों को चलाया। जैसे-जैसे समय बदला, यूनिसेफ़ ने अपनी कार्यशैली में और बदलाव किए। पहले इनका काम सिर्फ बाल अधिकारों की रक्षा के लिए जाना जाता था। लेकिन उसके बाद बच्चों के बेहतर जीवन को बनाने का भी जिम्मा इन्होंने अपने कंधों पर उठा लिया। फिलहाल वक्त में, यूनिसेफ की टीमें माताओं और नवजात शिशुओं के लिए एचआईवी की रोकथाम और उपचार, पर्याप्त पानी, स्वच्छ वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, बाल स्वास्थ्य व पोषण जैसे क्षेत्रों में भी कार्यरत हैं।

भारत के नजरिए से यूनिसेफ़ को देखें, तो वर्ष-1949 में मात्र तीन सदस्यीय स्टाफ़ ने हमारे यहां काम आरंभ किया। लेकिन सन् 1952 में दिल्ली में अपना एक कार्यालय स्थापित किया। वर्तमान में, समूचे भारत में इनके 16 राज्यों में कार्यालय हैं। जहाँ ये बच्चों के अधिकारों की हिमायत करते हैं। भारत में इनका प्रतिनिधित्व सिंथिया मैककैफ्रे करती हैं जिनकी नियुक्ति अक्टूबर 2022 में हुई थी। भारत सरकार अपने बजट से बड़ी रकम इनको सालाना आंवटित करती है। ताकि हमारे यहां दुगर्म क्षेत्रों में रहने वाले वो बच्चे भी इनके जरिए शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ सकें, जो सरकार की नजरों से छूट जाते हैं। यूनिसेफ का मुख्यालय, न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थापित है। संस्था का उदेश्य संसार भर के बच्चों को सुगम जीवन जीने, उन्हें आगे बढ़ाने और अपनी क्षमता का विकास कराने का अधिकार मुहैया कराना होता है। वर्ष 2021 में भारत में यूनिसेफ की सेवाओं के 75 वर्ष पूरे हुए। तब, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी यूनिसेफ और भारत के सहयोग के साक्षा प्रयासों की सराहना की।

भारतीय हुकूमत भी चाहती है कि प्रत्येक बच्चे का स्वास्थ्य चंगा हो, सुरक्षा और खुशहाली मिले, इसके लिए वह कोई कोर-कसर नहीं छोड़ती। यूनिसेफ के लोग इस बात को विभिन्न वैश्विक मंचों पर कई मर्तबा कह भी चुके हैं कि उन्हें भारत सरकार से सदैव भरपूर सहयोग मिला। 2018 में यूनिसेफ ने 'एवेरी चाइल्ड अलाइव' नाम से एक अंतर्राष्ट्रीय अभियान शुरू किया था जिसके अनुसार प्रत्येक मां और नवजात शिशु के लिए सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग और उनकी आपूर्ति करने के लिए प्रयासों का श्रीगणेश करना था। उस अभियान ने जबरदस्त सफलता हासिल की। यूनिसेफ के इस समय 150 देशों में कार्यालय, 34 राष्ट्रीय समितियां हैं जो मेजबान सरकारों के साथ विकसित कार्यक्रमों के माध्यम से अपने मिशन को आगे बढ़ाते हैं।

यूनिसेफ को सार्वजनिक क्षेत्र के तीन सबसे बड़े भागीदार संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी और विश्व बैंक अधिकांश पैसा देते हैं। बीते दो दशकों में, विश्व भर में बच्चों के जीवित रहने के दर में बहुत अधिक वृद्धि देखी गई। 2016 में दुनियाभर में, अपने 5वें जन्मदिन से पहले मर जाने वाले बच्चों की संख्या आधी होकर 56 लाख तक रह गई। इसके बावजूद, नवजात शिशुओं के लिए प्रगति धीमी रही है। पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु में, जन्म के पहले महीने में ही मर जाने वाले शिशुओं की संख्या 46 प्रतिशत है। जागरूकता के चलते इन आंकड़ों में अब सुधार हुआ है। यूनिसेफ के ऐसे प्रयास निरंतर जारी हैं, इसमें आम जनों को भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। सरकारी-सामाजिक के संयुक्त प्रयासों से अभियान को न सिर्फ संबल मिलेगा, बल्कि और तेज गति भी प्रदान होगी।

# आईएफएफआई एक सार्थक फिल्म महोत्सव बन गया क्योंकि इसने भारतीय सिनेमा के इतिहास को दर्शाया

– सुभाष घई

इस साल का भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) पिछले हफ्ते, 28 नवंबर 2024 को संपन्न हुआ। फिल्मों और इससे संबद्ध उद्योग से जुड़ी सभी चीजों के इस भव्य समारोह में, मुख्य आकर्षण भारतीय सिनेमा की चार महान हस्तियों - बहुमुखी अभिनेता अक्किनेनी नागेश्वर राव, महान शोमैन राज कपूर, शाश्वत आवाज मोहम्मद रफी और प्रतिभाशाली कहानीकार तपन सिन्हा - के कार्यों का एक ऐतिहासिक उत्सव था। इन महान दिग्गजों ने अपनी असाधारण प्रतिभा एवं दृष्टिकोण से फिल्म उद्योग को गौरवान्वित किया और एक ऐसा अमिट जादू बिखेरा जिसने फिल्म निर्माताओं, संगीतकारों और दर्शकों की कई पीढ़ियों को समान रूप से प्रेरित किया है। उनकी विरासतें युगों-युगों तक गूंजती रहेंगी।

भारतीय सिनेमा के दिग्गज कलाकार राज कपूर एक अभिनेता, निर्देशक, स्टूडियो मालिक और निर्माता के रूप में अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाने जाते थे। उनकी फिल्में अक्सर सामाजिक मुद्दों को हास्य एवं संवेदना के साथ चित्रित करती थीं, जिससे वे आम आदमी की आवाज बन गए। अपनी मार्मिक कथाओं और गहरी सामाजिक अंतर्दृष्टि के लिए जाने जाने वाले तपन सिन्हा बंगाल के एक निपुण फिल्मकार थे, जिनका काम अक्सर आम लोगों के संघर्षों को उजागर करता था। कलात्मकता को सामाजिक टिप्पणी के साथ मिश्रित करने की उनकी क्षमता ने उनकी फिल्मों को कालजयी बना दिया है। अक्किनेनी नागेश्वर राव, जिन्हें एएनआर के नाम से जाना जाता है, तेलुगु सिनेमा की एक महान हस्ती थे। उन्हें उनकी उल्लेखनीय अनुकूलनशीलता एवं सशक्त अभिनय के लिए जाना जाता है। छह दशकों से अधिक के अपने शानदार करियर में उन्होंने अनगिनत अविस्मरणीय भूमिकाएं निभाईं। सबसे लोकप्रिय भारतीय पार्श्व गायकों में से एक, मोहम्मद रफी अपनी असाधारण आवाज और अभिव्यंजक गायन शैली के लिए प्रसिद्ध रहे। उनके सदाबहार गीतों ने विभिन्न पीढ़ियों और भाषाओं के श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया है।

एक फिल्म महोत्सव सही अर्थों में तभी सार्थक बन जाता है, जब वह अपने इतिहास पर गौर करता है और इसकी शुरुआत को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। आईएफएफआई के 55वें संस्करण ने न केवल इन हस्तियों की सिनेमाई उपलब्धियों का उत्सव मनाया, बल्कि फिल्म प्रेमियों की नई पीढ़ी को उनकी विरासत से परिचित कराने के लिए एक मंच के रूप में भी काम किया। उनकी उल्लेखनीय विरासतों के शताब्दी वर्ष को मनाते हुए, इस फिल्म महोत्सव ने सावधानीपूर्वक आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों, स्क्रीनिंग और प्रदर्शनों के माध्यम से उनके अद्वितीय योगदानों को सामने रखा।

रंगारंग उद्घाटन समारोह के मंच से, शताब्दी मनाने वाले इस महोत्सव ने पहले दिन से ही अपना रंग बिखेरना शुरू कर दिया। एक शक्तिशाली ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति में एएनआर, राज कपूर, मोहम्मद रफी और तपन सिन्हा की यात्रा का वर्णन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उस यादगार शाम को काव्यात्मक स्पर्श देते हुए, अभिनेता बोमन ईरानी ने प्रत्येक सम्मानित व्यक्ति को समर्पित भावपूर्ण कविताएं सुनाईं, जो भारतीय सिनेमा पर उनके गहरे प्रभाव को रेखांकित करती हैं। इस समारोह का एक अनूठा आकर्षण इन हस्तियों को समर्पित एक विशेष डाक टिकट संग्रह का विमोचन था। इन चार दिग्गजों की प्रतिष्ठित छवियों को प्रदर्शित करने वाले, इस स्मारक डाक टिकट संग्रह ने सिनेमा और संस्कृति के क्षेत्र में उनके योगदानों को अमर बना दिया।

बेहद सराहनीय बात यह रही कि इस महोत्सव में इन महान हस्तियों के परिवार के सदस्यों, सहयोगियों और फिल्म उद्योग के दिग्गजों के साथ पैनल चर्चा व बातचीत के सत्र की एक श्रृंखला पेश की गई। इन बातचीतों ने इन दिग्गजों के व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन से जुड़ी अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की। प्रसिद्ध अभिनेत्री खुशबू सुंदर और अक्किनेनी नागेश्वर राव के बेटे एवं अभिनेता नागार्जुन अक्किनेनी ने तेलुगु सिनेमा को आकार देने में इस बहुमुखी कलाकार की अग्रणी भूमिका पर प्रकाश डाला। महान शोमैन के पोते एवं अभिनेता रणबीर कपूर और फिल्म निर्देशक राहुल रवैल ने राज कपूर की विरासत की पड़ताल की तथा भारतीय सिनेमा में उनके प्रेरक कार्यों और कला को सामाजिक प्रभाव के साथ जोड़ने की उनकी क्षमता का विश्लेषण किया। मुझे भारतीय संगीत में रफी के कालातीत योगदान पर विचार करने के लिए प्रसिद्ध पार्श्व कलाकारों अनुराधा पौडवाल एवं सोनू निगम और प्रसिद्ध गायक शाहिद रफी के साथ एक गहन परिचर्चा में भाग लेने का सौभाग्य मिला। करिश्माई अभिनेत्री शर्मिला टैगोर, अभिनेता अर्जुन चक्रवर्ती और फिल्मों के विद्वान एन मनु चक्रवर्ती ने तपन सिन्हा की कहानी कहने की उत्कृष्ट शैली और बांग्ला व भारतीय सिनेमा पर उनके प्रभाव के बारे में अपने विचार पेश किए।

आईएफएफआई टीम ने इन दिग्गज कलाकारों की कलात्मक उत्कृष्टता का उत्सव मनाने के लिए डिजिटल रूप से पुनर्स्थापित फिल्मों की एक विशेष लाइनअप भी खूबसूरती से तैयार की थी। चयनित फिल्मों में देवदासु (अक्किनेनी नागेश्वर राव), आवारा (राज कपूर), हम दोनों (मोहम्मद रफी का संगीत), और हारमोनियम (तपन सिन्हा) शामिल थीं। इन फिल्मों के प्रदर्शन ने पुरानी यादों को ताजा कर दिया और पीढ़ियों से चली आ रही उनकी शाश्वत अपील का उत्सव मनाया। 'कारवां ऑफसॉन्ग्स' नाम की एक संगीतमय यात्रा में राज कपूर और मोहम्मद रफी के 150 गीतों के साथ-साथ एएनआर और तपन सिन्हा के 75 गाने प्रदर्शित किए गए। इस संगीतमय श्रद्धांजलि ने भारतीय सिनेमा के समृद्ध साउंडस्केप में उनके बेजोड़ योगदानों पर प्रकाश डाला। इस महोत्सव में 'सफरनामा' नाम की एक प्रभावशाली प्रदर्शनी में इन चारों दिग्गजों के जीवन एवं करियर से जुड़ी दुर्लभ तस्वीरें, यादगार वस्तुएं और कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं। एनएफडीसी और केंद्रीय संचार ब्यूरो ने अतीत एवं वर्तमान के बीच के अंतर को पाटते हुए, इन हस्तियों की व्यक्तिगत और व्यावसायिक उपलब्धियों को जनता के सामने लाने का अच्छा काम किया। मनोरंजन के क्षेत्र में क्विज़, डिजिटल शोकेस और इंटरैक्टिव डिस्प्ले जैसी विषयगत गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

आईएफएफआई ने अपनी उपलब्धियों को रेखांकित करने वाली द्विभाषी स्मारिका भी तैयार की। यह दुनिया भर से आने वाले प्रतिनिधियों के माध्यम से इन महान हस्तियों की विरासतों को दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचाने की दिशा में एक अच्छा प्रयास है।

मीरामार समुद्र तट पर पद्मश्री पुरस्कार विजेता सुदर्शन पटनायक द्वारा बनाया गया एक आकर्षक रेत कला चित्रण इन महान सिनेमाई दिग्गजों के सांस्कृतिक प्रभाव का प्रतीक है। पद्मश्री पुरस्कार विजेता की मनमोहक रेत कला ने समुद्र तट पर जनता को मंत्रमुग्ध कर दिया ।

# विरासत – भारत की हाथ से बुनी साड़ियों का उत्सव

पीआईबी



भारत सरकार का कपड़ा मंत्रालय 15 से 28 दिसंबर 2024 तक नई दिल्ली में जनपथ के हैंडलूम हाट में मेगा इवेंट ÷विरासत साड़ी महोत्सव 2024÷ के तीसरे संस्करण का आयोजन कर रहा है।

वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान ÷विरासत साड़ी महोत्सव÷ मनाया गया और सभी आयु समूहों में लगभग 20,000 दर्शकों की प्रभावशाली उपस्थिति के साथ यह बड़ा हिट रहा और इस क्षेत्र पर बहुत जरूरी ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रमों की श्रृंखला को जारी रखते हुए, ÷विरासत साड़ी महोत्सव 2024÷ के तीसरे संस्करण में देश के विभिन्न हिस्सों की हथकरघा साड़ियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और देश भर के हथकरघा बुनकरों, साड़ी डिजाइनरों और साड़ी प्रेमियों और खरीदारों को एक साथ लाया जाएगा। यह कार्यक्रम भारत की हथकरघा विरासत को प्रदर्शित करेगा।

यह आयोजन हथकरघा क्षेत्र की परंपरा और क्षमता दोनों का उत्सव मनाएगा। इस आयोजन से साड़ी बुनाई की सदियों पुरानी परंपरा पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित होने की संभावना है और इससे हथकरघा समुदाय की कमाई में सुधार होगा।

**आयोजन की मुख्य बातें:**

स्थानीय हथकरघा और हस्तशिल्प की सीधे खुदरा बिक्री के लिए हथकरघा बुनकरों और कारीगरों के लिए 80 स्टॉल

हथकरघा क्षेत्र हमारे देश की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक होने के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोगों, विशेषकर महिलाओं को रोजगार प्रदान करने वाले प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। भारत का हथकरघा क्षेत्र 35 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देता है। हथकरघा बुनाई की कला के साथ पारंपरिक मूल्य जुड़े हुए हैं और प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट किस्में हैं। पैठानी, कोटपाड, कोटा डोरिया, तंगेल, पोचमपल्ली, कांचीपुरम, तिरुबुवनम, जामदानी, शांतिपुरी, चंदेरी, माहेश्वरी, पटोला, मोइरंगफी, बनारसी ब्रोकेड, तनचोई, भागलपुरी सिल्क, बावन बूटी, पश्मीना साड़ी आदि जैसे हथकरघा उत्पादों की विशिष्टता विशिष्ट कला, बुनाई, डिज़ाइन और पारंपरिक रूपांकनों के साथ दुनिया भर से साड़ी प्रेमियों को आकर्षित करती है।

भारत सरकार ने उत्पादों की विशिष्टता को उजागर करने के अलावा, उत्पादों को प्रोत्साहित करने और उन्हें अलग पहचान देने के लिए शून्य दोष और पर्यावरण पर शून्य प्रभाव एवं उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की ब्रांडिंग के उद्देश्य से हथकरघा के

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने समुदायों, विशेषकर कोयला खनन क्षेत्रों की जनजातीय पट्टियों में

## जीवन में परिवर्तन लाने के लिए सीएसआर पहल की शक्ति पर जोर

पीआईबी




पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस ने आज कोलकाता में तीसरे सीआईएल सीएसआर कॉन्क्लेव 2024 का उद्घाटन किया। इस कॉन्क्लेव में भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के सचिव श्री विक्रम देव दत्त और कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के चेयरमैन श्री पी.एम. प्रसाद सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए।

इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. सी. वी. अनदा बोस ने इस सीएसआर सम्मेलन में भाग लेने पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे एक विशिष्ट और उद्देश्यपूर्ण आयोजन बताया। उन्होंने समुदायों, विशेष रूप से कोयला खनन क्षेत्रों की जनजातीय पट्टियों में जीवन को बदलने के लिए सीएसआर पहल की शक्ति पर जोर दिया।

उन्होंने कैंसर रोगियों की सहायता के लिए पहल को वित्तपोषित करने के लिए सीआईएल की सराहना की तथा इस बात पर जोर दिया कि ऐसे प्रयास न केवल समुदायों का उत्थान करते हैं, बल्कि राष्ट्र के समग्र विकास में भी योगदान देते हैं।

कोयला मंत्रालय के सचिव ने कोयला कम्पनियों की उनके असाधारण सीएसआर प्रयासों के लिए सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पिछले दशक में शुरू की गई परियोजनाओं ने कोयला-उत्पादक क्षेत्रों में लोगों के जीवन को प्रभावित किया है और उनमें बदलाव लाया है। श्री दत्त ने इस बात पर जोर दिया कि सीएसआर महज एक नियामक दायित्व नहीं है, बल्कि सकारात्मक सामाजिक बदलाव लाने की नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कंपनियों से इसे आस्था के रूप में अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कोयला खनन क्षेत्रों में रहने वाले समुदाय कोयला कंपनियों की गतिविधियों में समान रूप से भागीदार हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और बुनियादी ढांचे में निवेश करके, कोयला कंपनियां अपनी सीएसआर पहल को अगले स्तर तक ले जा सकती हैं। उन्होंने आने वाले वर्ष के लिए थीम-आधारित कैलेंडर बनाने का भी सुझाव दिया, जिसकी शुरुआत शिक्षा से की जाए और बाद में अन्य थीम भी जोड़ी जाएं। श्री दत्त ने कोयला सहायक कंपनियों को कोयला खनन वाले क्षेत्रों में स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने और अनुसंधान एवं विकास में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने महिला कल्याण और सशक्तिकरण पर केंद्रित सीएसआर परियोजनाओं के महत्व पर जोर दिया।

## छत्तीसगढ़ कांग्रेस विधायक दल की बैठक संपन्न।




**संवाददाता।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत जी की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, छग सह प्रभारी श्रीमती जरीता लेफ्तलांग, श्री विजय जांगीड, पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव, पूर्व मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, श्री ताम्रध्वज साहू, डॉ. शिवकुमार डहरिया, श्री धनेन्द्र साहू, श्री मोहम्मद अकबर, श्री जयसिंह अग्रवाल, श्री मोहन मरकाम, श्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, श्री अमरजीत भगत, श्री गुरू रूद्र कुमार, श्रीमति अनिला भेड़िया, पूर्व विधायक श्री अमितेश शुक्ल , श्री अरूण वोरा, श्री गुरूमुख सिंह होरा, श्री नोबेल वर्मा, श्री कुलदीप जुनेजा, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष श्री सुशील आंनद शुक्ला, कांग्रेस विधायक दल सचिव श्री अमित पाण्डेय, प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता श्री घनश्याम राजू तिवारी, कांग्रेस विधायकगण श्री भोलाराम साहू, श्री इंद्रशाह मंडावी, श्रीमती सावित्री मंडावी, श्री विक्रम मंडावी, श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा, श्री कुंवर सिंह निषाद , श्रीमती संगीता सिन्हा, श्रीमती अंबिका मरकाम, श्री द्वारिकाधीश यादव, श्री दिलीप लहरिया, श्रीमती उत्तरी गणपत जांगड़े, श्रीमती शेषराज हरबंश, श्रीमती विद्यावती सिदार, श्री अटल श्रीवास्तव, श्री बालेश्वर साहू, श्री ब्यास कश्यप, श्री राघवेन्द्र सिंह, श्रीमती चतुरी नंद, श्री फूलसिंह राठिया, श्रीमती कविता प्राणलहरे, श्री संदीप साहू, श्री जनक ध्रुव, श्री ओंकार साहू, श्री इंद्र साव, श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल की उपस्थिति में संपन्न हुई।



सुरक्षाकर्मी मणिपुर के परिधि पर प्रमुख स्थानों पर पहरा देंगे और गश्त करेंगे। पहाड़ी क्षेत्रों में मैतेई क्षेत्रों पर कुकी उग्रवादियों द्वारा हाल ही में की गई गोलीबारी की घटनाओं के बाद यह तैनाती की गई है।

## इंजीनियरिंग कॉलेज में सुशासन पर तकनीकी कार्यक्रम 16 को

### सांसद सरगुजा चिंतामणि महाराज होंगे मुख्य अतिथि



अम्बिकापुर इंजीनियरिंग कॉलेज अंबिकापुर में छत्तीसगढ़ सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ सुशासन पर्व का आयोजन 16 दिसंबर को दोपहर दो बजे से किया जाएगा द्य इस कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं और गतिविधियों को लोगों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद चिंतामणि महाराज होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो, और छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर होंगे। कार्यक्रम में सरगुजा संभागायुक्त जीआर चुरेन्द्र, कलेक्टर विलास भोसकर, एसपी योगेश पटेल एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

उक्त कार्यक्रम में संस्था की उपलब्धियों की जानकारी वीडियो के माध्यम से दी जाएगी। इस दौरान मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों द्वारा संस्था मे गुड गवर्नेस के लिए उत्कृष्ट छात्र छात्राओ को प्रमाण पत्र वितरित किया जाएगा। इस कार्यकम में शासकीय पालीटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर, लाइवलीहुड कॉलेज अम्बिकापुर और आईटीआई अम्बिकापुर के प्रातिभागी भाग लेंगे। साथ ही इस दौरान वृक्षारोपण एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके पूर्व कार्यकम के प्रथम दिवस में सुशासन दिवस के अवसर पर बाइक रैली, द्वितीय दिवस में सुशासन पर रंगोली, मेहंदी,पोस्टर प्रतियोगिता तथा तृतीय दिवस मे ग्राम पंचायत डिगमा मे जनभागीदारी और श्रमदान एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

# द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना और महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल करना

पीआईबी



सुप्रबल जनसेवाश्री जनरल अशोक राज सिगडेल की भारत यात्रा का सफल समापनः नेपाली सेना के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) सुप्रबल जनसेवाश्री जनरल अशोक राज सिगडेल की 11 से 14 दिसंबर 2024 तक की भारत यात्रा ने नेपाली सेना और भारतीय सेना के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है। इस यात्रा में दोनों पक्षों के वरिष्ठ नेताओं और अधिकारियों के बीच महत्वपूर्ण मुलाकातें हुई जिससे रणनीतिक और रक्षा हितों के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सैन्य सहयोग, आदान-प्रदान और सहयोग बढ़ाने की नींव और मजबूत हुई है।

अपनी यात्रा के दौरान, जनरल अशोक राज सिगडेल ने अपने भारतीय समकक्ष, भारतीय सेना के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी के साथ कई उपयोगी चर्चाएं कीं। वार्ता में दोनों सेनाओं के बीच सहयोग को बढ़ाने और गहरा करने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस यात्रा से कई महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए जो दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करेंगे।

यात्रा के मुख्य परिणामः

उच्च स्तरीय बैठकें। नेपाली सेना के सीओएएस ने भारत और नेपाल के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और रणनीतिक गठबंधन को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रमुख भारतीय नेताओं के साथ महत्वपूर्ण चर्चा कीः

श्री राजनाथ सिंह, माननीय रक्षा मंत्री। श्री अजीत डोभाल, एनएसए।

जनरल अनिल चौहान, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस)।

श्री राजेश कुमार सिंह, रक्षा सचिव।

श्री विक्रम मिसरी, विदेश सचिव।

भारतीय सेना की मानद जनरलशिप। नेपाली सेना के सीओएएस को भारतीय सेना की मानद जनरलशिप से सम्मानित किया गया। दोनों सैन्य बलों के बीच गहरी और स्थायी मित्रता का प्रतीक है।

आईएमए देहरादून में पासिंग आउट परेड के लिए समीक्षा अधिकारी। नेपाली सेना के सीओएएस ने भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून में पासिंग आउट परेड में समीक्षा अधिकारी के रूप में कार्य किया। इस कार्यक्रम में दो नेपाली कैडेटों, अधिकारी कैडेट बिनोद भट्ट और अधिकारी कैडेट प्रबीन पांडे को कमीशन दिया गया। नेपाली सेना की क्षमता निर्माण और क्षमता वृद्धि। इस यात्रा के परिणामस्वरूप नेपाली सेना की परिचालन और तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करने के उद्देश्य से समझौते हुए जिसमें संयुक्त अभ्यास की संभावना बढ़ाना भी शामिल है। रक्षा सहयोग के भाग के रूप में, जनरल उपेंद्र द्विवेदी, सीओएएस ने नेपाली सेना को एक लक्ष्य अभ्यास ड्रोन और फील्ड अस्पताल से संबंधित चिकित्सा उपकरण सौंपने की घोषणा की।

भारतीय रक्षा उद्योगों (टीएएसएल और भारत फोर्ज) का दौरा। सीओएएस, नेपाली सेना ने टाटा एयरोस्पेस एंड डिफेंस लिमिटेड (टीएएसएल) और पुणे में भारत फोर्ज सहित प्रमुख भारतीय रक्षा उद्योगों का दौरा किया।

# चण्डी दाई मंदिर प्रांगण में पंच कुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ श्रीमद् भागवत कथा आयोजन हेतु ध्वजा पूजन संपन्न हुआ

लोकशक्ति - चांपा।



**जांजगीर चांपा** / सिद्ध श्री शक्तिपीठ चण्डी दाई तीरथ धाम ग्राम महंत में यज्ञचार्य आचार्य अमित मिश्रा के सानिध्य में श्री विष्णु महायज्ञ एवं संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन हेतु चण्डी दाई मंदिर परिसर में ध्वजा पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ इस अवसर पर सिद्ध शक्तिपीठ चण्डी दाई मंदिर में समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिति में ब्राह्मणों द्वारा मंत्रों के उच्चारण के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना कर चण्डी दाई मंदिर से धूमधाम से बैंड बाजा के साथ नगर भ्रमण के लिए निकले जिसमें गांव के बुजुर्ग एवं नौजवान व्यक्ति भी सम्मिलित हुए साथ ही आसपास के नगर के भी भक्तगण इस झंडा पूजन में सम्मिलित हुए भगवान यज्ञ नारायण का पूजन करते ग्राम के देवस्थान ठाकुर देव ,कुहकी पाठ, कुरूपाठ,बरम बाबा, द्वारकाधीश ,पांच पांडव, कहरा पीपर ,बजरंगबली सभी देवताओं का पूजन करते हुए सभी भक्तगण यज्ञ नारायण भगवान के झंडे को लेकर के नगर भ्रमण किया ग्राम भ्रमण करते हुए पुनः सिद्ध शक्तिपीठ चंडी दाई मंदिर के प्रांगण में झंडे का पूजन अर्चना किया साथ ही पंच कुंडी रुद्र महायज्ञ एवं संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन का निर्णय लिया गया इस अवसर पर जय चण्डी लोक कल्याण सेवा समिति के ठा देवेश कुमार सिंह , ग्राम पुरोहित पंडित नंद कुमार मिश्रा, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक बुद्धेश्वर सिंह ,द्वारिका प्रसाद राठौर,भूपेंद्र सिंह, गया राम श्रीवास,कीर्तन पटेल,अमृत कश्यप, शांति सोनी , सुदन सिंह ,त्रिलोक सिंह ,राकेश राठौर , विक्रम सिंह दुर्गेश राठौर,बल्लु राठौर,प्रियेश सिंह प्रीतम राठौर, रामूकर्ष, बनमली सिंह , बैगा गोपाल धीवर लखन धीवर, पुजारी संतोष राव, सभी के द्वारा संकल्प लिया गया श्री विष्णु महायज्ञ संगीत में श्रीमद् भागवत कथा को संपन्न करने के लिए एवं आसपास ग्राम से पहुंचे जिला पंचायत सभापति राजकुमार साहू जी ठाकुर अमित सिंह जी बनहिल उपसरपंच ठाकुर नवल सिंह उपस्थित रहे इस अवसर पर आचार्य अमित मिश्रा ने बताया कि पंच कुंडी श्री विष्णु महायज्ञ एवं संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन समस्त महंत ग्राम वासियों एवं ग्राम अमौरा,खैरा , छुटिया, दर्री,भदेसर,धनेली , मुनुंद, धुरकोट, भैंसदा,जगमहंत, बूढ़ेंना, अवरीद,सेमरा ,चोरभाठा सहित सिद्ध शक्तिपीठ चण्डी दाई मंदिर के श्रद्धालुओं के सहयोग से कराया जा रहा है जिसमें यह यज्ञ सभी गांव के सुख शांति ऐश्वर्य प्राप्ति के लिए और क्षेत्र के विकास के लिए यह यज्ञ चंडी दाई की कृपा से यहां आगामी 13 फरवरी से 20 फरवरी तक किया जाएगा जिसमें यज्ञ साल के आचार्य वाराणसी वृंदावन प्रज्ञा उज्जैन से सभी आएंगे और इस यज्ञ नारायण भगवान का वैदिक मंत्र उपचार के साथ प्रारंभ किया जाएगा।

श्रीमद् भागवत कथा का आचार्य वृंदावन मलूक पीठ ईश्वर के शिष्य शैलेंद्र कृष्ण शास्त्री जी रहेंगे आचार्य अमित मिश्रा ने समस्त क्षेत्रवासी एवं ग्राम वासियों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक इस यज्ञ में अपना सहभागिता निभाते हुए इस महान आयोजन को संपन्न बनाने का महान कृपा करें।

# भगवान दत्तात्रेय ने 24 गुरु बनाये तात्पर्य यह कि प्रत्येक व्यक्ति में कोई न कोई गुण आवश्यक होता है - राजेश्री महन्त

लोकशक्ति।




भारत भूमि का सौभाग्य है कि यहां आदि गुरु शंकराचार्य जी का प्रादुर्भाव हुआ। उन्होंने सनातन संस्कृति को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया, चार पीठ की स्थापना करके भारतीय संस्कृति की रक्षा की। यह बातें महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने भगवान दत्तात्रेय जयंती कार्यक्रम के अवसर पर अभिव्यक्त की।

उन्होंने कहा कि- हमें भगवान दत्तात्रेय से प्रेरणा लेनी चाहिए जिन्होंने अपने जीवन में 24 गुरु बनाये तात्पर्य यह कि *प्रत्येक व्यक्ति में कोई न कोई गुण आवश्यक होता है। हमें गुणों को अपनाकर अवगुणों का परित्याग करना चाहिए*। उल्लेखनीय है कि मार्ग शीर्ष पूर्णिमा को भगवान दत्तात्रेय की जयंती दत्तात्रेय मंदिर ब्रह्मपुरी रायपुर तथा महादेव घाट में छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला रायपुर के द्वारा आयोजित की गई। इन दोनों ही कार्यक्रम में राजेश्री महन्त जी महाराज मुख्य अभ्यागत के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने श्रद्धालु भक्तों को संबोधित किया उनका स्वागत आयोजन समिति की ओर से किया गया। इन दोनों अलग-अलग कार्यक्रम में विशेष रूप से अजय तिवारी जी, हरि बल्लभ अग्रवाल, संजय वैष्णव, राजेश अग्रवाल तथा चित्रसेन गिरी गोस्वामी, प्रभाकर गिरी गोस्वामी ,कुबेर प्रकाश गिरी गोस्वामी, नरेंद्र पुरी गोस्वामी, प्रीतम गिरी गोस्वामी, वेद पुरी गोस्वामी, योगेंद्र पुरी गोस्वामी, महेश पुरी गोस्वामी, सुधीर बन गोस्वामी, रमेश पुरी गोस्वामी तथा मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय एडवांस मेडिटेशन प्रोग्राम 26 से अग्रसेन भवन में

जांजगीर चांपा / जिला मुख्यालय जांजगीर नैला में तीन दिवसीय एडवांस मेडिटेशन प्रोग्राम का आयोजन अग्रसेन भवन नैला में 26 दिसंबर से 29 दिसंबर तक रखा गया है । यह आयोजन श्री श्री रविशंकर महराज द्वारा संचालित आर्ट ऑफलिविंग के तहत किया जा रहा है, जिसमें आर्ट ऑफलिविंग एडवांस कोर्स टीचर डॉक्टर योगेश अग्रवाल प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे ।उक्त आयोजन में ज्ञान , ध्यान और मौन का अदभुत संगम देखने को मिलेगा जिसके तहत भाग दौड़ और टेंशन से मुक्ति , गहरा विश्राम एवम आराम , जीवन की चुनौतियों से निपटने की शक्ति सहित अन्य विषयों पर कला सिखाई जावेगी । इस प्रोग्राम में भाग लेने के लिए कार्यक्रम के एक दिन पहले 25 दिसंबर शाम 5 बजे तक अपना पंजीयन करा सकते हैं ।

## त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन का आरक्षण का आबंटन 19 दिसम्बर को

जांजगीर-चांपा / त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 में जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के निर्वाचन क्षेत्रों का प्रवर्गवार आरक्षण लाट के जरिये आबंटन के प्रयोजन के लिये छ.ग. पंचायतराज अधिनियम 1993 की धारा 30 तथा सहपठित छत्तीसगढ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 6 के उपनियम 6 (क) (ग) के तहत कलेक्टर श्री आकाश छिकारा द्वारा जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष पद के आरक्षण आबंटन के लिये 19 दिसम्बर 2024 निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायतों के सरपंच पदों एवं वार्डों के आरक्षण आबंटन की कार्यवाही संबंधित जनपद पंचायत के सभाकक्ष में 17 दिसम्बर को किया जाएगा।


SHRIRAM HOUSING FINANCE

**श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

**मांग सूचना**

**पंजीकृत कार्यालय:** कार्यालय संख्या 123, अंगप्पा नैकेन स्ट्रीट, चेन्नई - 600 001
**शाखा कार्यालय:** दूसरी मंजिल, श्याम स्क्वायर, एलआईसी बिल्डिंग के पास, पंडरी, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 और पहली मंजिल, कृष्णा कॉम्प्लेक्स, शिव टॉकीज चौक के पास, बिलासपुर , छत्तीसगढ़-495001 **वेबसाइट:** www.shriramhousing.in

जबकि उधास्कर्ताओं / सह-उधारकर्ताओं / गारंटरों / यहां उल्लेख किया गया था कि **श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** से वित्तीय सहायता प्राप्त की थी। हम कहते हैं कि वित्तीय सहायता प्राप्त करने के बावजूद, उधारकर्ताओं / गारंटरों ने नियत तिथियों के अनुसार ब्याज और मूलधन की अदायगी में विभिन्न चक की हैं। खाते को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए निर्देशों / दिशानिर्देशों के अनुसार गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप **श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** के अधिकृत अधिकारी हैं। वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनिर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और धारा 3 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग के तहत, सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के तहत पढ़े गए हैं। SARFAESI अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) में निम्नलिखित उधारकर्ताओं / गारंटियों / गिरबीदारों को नोटिस में उल्लिखित राशि को चुकाने के लिए एक साथ संविदात्मक दर पर नोटिस और उल्लिखित व्यय, लागत, शुल्क आदि में उल्लिखित राशि पर आगे ब्याज के साथ चुकाने की आवश्यकता है। नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर भुगतान की तारीख तक।
उनके अंतिम ज्ञात पते पर उन्हें नोटिसों जारी कर दिया गया और इसके बारे में सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है। उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिए आमंत्रित किया जाता है, जो उपलब्ध संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।

| उधारकर्ता / सह उधारकर्ता गारंटर का नाम व पता | बकाया राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों का संपत्ति पता |
|---|---|---|
| 1. श्री मलय राहा पुत्र श्री संतोष राहा<br>2. श्रीमती सविता राहा पत्नी श्री मलय राहा<br>3. श्री शुभोजीत राहा पुत्र श्री मलय राहा<br>पता - मकान नं. टीएस/III/टी-45, वार्ड नं. 15, किरंदुल, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, छ.ग.- 494556<br>यह भी: राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड, बीआईओएम किरंदुल कॉम्प्लेक्स, बस्तर, छ.ग.- 494556<br>ऋण खाता नं. SHLHRAIP0000182<br>एनपीए दिनांक - 04-12-2024<br>मांग सूचना दिनांक - 11-12-2024 | रु. 44,40,588/- ( रुपये चौवालीस लाख चालीस हजार पांच सौ अट्ठासी मात्र) अतिरिक्त ब्याज और आकस्मिक व्यय, लागत आदि के साथ<br>ऋण राशि<br>रु. 42,01,425/- (रुपये बयालीस लाख एक हजार चार सौ पच्चीस मात्र) | सुरक्षित संपत्तियों का पता आवासीय प्लॉट और घर जिसका खसरा नंबर 207/4, मौजा मोवा, दुबे अंबेडकर वार्ड, वार्ड नंबर कॉलोनी, डॉ. बिमराव 27, पीएच. नंबर 45, आर.आई.सी. रायपुर-1, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़।<br>माप क्षेत्र 1200 वर्ग फीट।<br>सीमा: उत्तर:- दवे जी का घर<br>दक्षिण:- ध्रुव का घर<br>पूर्व:- सड़क<br>पश्चिम:- सुरेश यादव की जमीन |
| 1. श्री सलिकराम सिन्हा पुत्र श्री श्रीराम सिन्हा<br>2. श्रीमती मीना सिन्हा पत्नी श्री सलिकराम सिन्हा<br>पता - भागवत चौक, लेबर कैंप, काली माता मंदिर के पास, जामुल, भिलाई, दुर्ग, छ.ग.- 490024<br>यह भी: श्रीराम मार्केटिंग, घासीदास नगर, इंडस्ट्रियल एस्टेट, भिलाई, दुर्ग, छ.ग.-490024<br>एनपीए दिनांक - 04-12-2024<br>मांग सूचना दिनांक - 11-12-2024 | रु. 9,21,865/- (रुपये नौ लाख इक्कीस हजार आठ सौ पैंसठ मात्र) दिनांक 09-12-2024 तक ब्याज और आकस्मिक व्यय, लागत आदि सहित<br>ऋण राशि<br>रु. 8,81,275/- (रुपए आठ लाख इक्यासी हजार दो सौ पचहत्तर मात्र) | आवासीय प्लॉट और मकान, खसरा नं. 575/15, मौजा जामुल, राम मंदिर वार्ड, वार्ड नं. 08, पी.एच. नं. 01, आर.आई.सी. जामुल, तहसील दुर्ग (नई तहसील - भिलाई-3), जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़।<br>क्षेत्रफल 730 वर्ग फीट<br>सीमा: उत्तर:- 10 फीट रोड, दक्षिण:- हिमांचल शर्मा और शंभू साहू का मकान, पूर्व:- हीरामन सिन्हा का मकान पश्चिम:- आबादी खुली भूमि और शंभू साहू का मकान |
| 1. श्री विवेक सिंह पुत्र श्री दिनेश सिंह<br>2. श्रीमती प्रियंका सिंह पत्नी श्री विवेक सिंह<br>पता - सी-9, एम.जी. ग्रीन होम्स, वार्ड नंबर 6, उसलापुर सकरी रोड, सकरी नगर पंचायत, बिलासपुर, छ.ग. - 495001<br>यह भी : मकान नंबर बी-7, रवींद्रनाथ टेगोर नगर, शिव मंदिर के पास, शीशक कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, छ.ग.- 495001<br>ऋण खाता संख्या - SBTHBILA0000203 और STUHBILA0000213<br>एनपीए दिनांक - 04-12-2024<br>मांग सूचना दिनांक - 11-12-2024 | रु. 39,78,070/- (रुपये उनतीस लाख अठहत्तर हजार सत्तर मात्र) दिनांक 06-12-2024 तक अतिरिक्त ब्याज और आकस्मिक व्यय, लागत आदि के साथ<br>ऋण राशि<br>रु. 19,35,000/- (रुपये उन्नीस लाख पैंतीस हजार मात्र) SBTHBILA0000203 के अंतर्गत तथा रु. 18,75,000/- (रुपये अठारह लाख पचहत्तर हजार मात्र) STUHBILA0000213 के अंतर्गत | विचरित भूमि स्वामी भूमि एवं आवासीय भवन ग्राम सकरी में स्थित है, खसरा क्रमांक 923/2 का भाग, नामांतरण के.एच. क्रमांक 923/11, पी.एच. क्रमांक 26/45, आर.आई.सी. सकरी, शीट क्रमांक 29, प्लॉट क्रमांक 8/10, नगर पंचायत सकरी (अब नगर निगम बिलासपुर सीमा), वार्ड क्रमांक 15 नेचर सिटी वार्ड, तहसील तखतपुर (नया सकरी), जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़।<br>क्षेत्रफल 1150 वर्ग फीट (मकान क्रमांक सी-9, एमजी ग्रीन सिटी, वार्ड क्रमांक 06 - वर्तमान संपत्ति का पता)<br>सीमा: उत्तर: दीपक की भूमि<br>दक्षिण: गोयल की भूमि<br>पूर्व:- रास्ता<br>पश्चिम:- पुष्पा की भूमि |
| 1. एम/एस. श्री आरओ वाटर ( स्वामी - श्रीमती शारदा सोनी)<br>पता- दुकान नंबर 441, बंधन बैंक के पास, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, बिलासपुर रोड, मुंगेली, छ.ग.- 495334.<br>श्रीमती शारदा सोनी पत्नी श्रीधर सोनी<br>3. श्री श्रीधर सोनी पुत्र श्री लीलाधर सोनी<br>पता - पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, बिलासपुर रोड, मुंगेली, छ.ग.- 495334.<br>श्री केशवहर सोनी पुत्र श्री लीलाधर सोनी<br>पता - गोल बाजार रोड, गांधी वार्ड 9, मुंगेली, छ.ग.- 495334<br>ऋण खाता संख्या SLPHBILA0000197<br>एनपीए दिनांक - 04-12-2024<br>मांग सूचना दिनांक - 11-12-2024 | रु. 32,51,904/- (रुपये बत्तीस लाख इक्यावन हजार नौ सौ चार मात्र) दिनांक 09-12-2024 तक ब्याज और आकस्मिक व्यय, लागत आदि सहित<br>ऋण राशि<br>रु. 30,00,000/- ( रुपये तीस लाख मात्र) | स्थायी नजूल पट्टा भूमि और मकान, नजूल मोहल्ला, मोजा मुंगेली, पी.एच. क्रमांक 6/29, आर.आई.सी. मुंगेली, शीट क्रमांक 38 बी, प्लॉट क्रमांक 193/6, नगर पालिका मुंगेली सीमा के भीतर, वार्ड क्रमांक 09 गांधी वार्ड, गोल बाजार के पास, तहसील और जिला मुंगेली, छत्तीसगढ़।<br>क्षेत्रफल 27 वर्ग मीटर।<br>सीमा:<br>उत्तर :- मनोज और अन्य की भूमि,<br>दक्षिण - विजय कुमार की भूमि,<br>पूर्व:- रास्ता,<br>पश्चिम:- अजय का मकान |

पूर्वोक्त परिस्थितियों में, नोटिस ऊपर दिए गए उधारकर्ताओं, सह-उधारकर्ताओं और / या उनके गारंटियों (जहां कभी लागू हो) को बकाया. राशि का भुगतान करने के लिए दिया गया है जैसा कि ऊपर उल्लिखित भविष्य के ब्याज और लागू शुल्कों के साथ तारीख से 60 दिनों के भीतर दिया गया है। इस नोटिस के प्रकाशन में विफ्ल होना, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों के खिलाफ इस नोटिस की तारीख के 60 दिनों की समाप्ति के बाद लिया जाएगा, जिसमें ऋ ण लेने वालों की सुरक्षित संपत्ति और बंधक की धारा 13 (4) के तहत बंधक शामिल हैं। और वित्तीय परिसंपत्तियों और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वहां लागू नियमों का पुन; निर्माण।

**कृपया ध्यान दें कि उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत, कोई उधारकर्ता, लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा नोटिस में उल्लिखित उसकी किसी भी सुरक्षित संपत्ति के माध्यम से हस्तांतरण नहीं करेगा।**

स्थान : रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और मुंगेली
दिनांक : 16-12-2024

एसडी / - प्राधिकृत अधिकारी
श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लि.


## इंजीनियरिंग कॉलेज में सुशासन पर तकनीकी कार्यक्रम 16 को

### सांसद सरगुजा चिंतामणि महाराज होंगे मुख्य अतिथि

**अम्बिकापुर** इंजीनियरिंग कॉलेज अंबिकापुर में छत्तीसगढ़ सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ सुशासन पर्व का आयोजन 16 दिसंबर को दोपहर दो बजे से किया जाएगा द्य इस कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं और गतिविधियों को लोगों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद चिंतामणि महाराज होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो, और छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर होंगे। कार्यक्रम में सरगुजा संभागायुक्त जीआर चुरेन्द्र, कलेक्टर विलास भोसकर, एसपी योगेश पटेल एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

उक्त कार्यक्रम में संस्था की उपलब्धियों की जानकारी वीडियो के माध्यम से दी जाएगी। इस दौरान मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों द्वारा संस्था मे गुड गवर्नेंस के लिए उत्कृष्ट छात्र छात्राओ को प्रमाण पत्र वितरित किया जाएगा। इस कार्यकम में शासकीय पालीटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर, लाइवलीहुड कॉलेज अम्बिकापुर और आईटीआई अम्बिकापुर के प्रतिभागी भाग लेंगे। साथ ही इस दौरान वृक्षारोपण एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके पूर्व कार्यकम के प्रथम दिवस में सुशासन दिवस के अवसर पर बाइक रैली, द्वितीय दिवस में सुशासन पर रंगोली, मेहंदी,पोस्टर प्रतियोगिता तथा तृतीय दिवस मे ग्राम पंचायत डिगमा मे जनभागीदारी और श्रमदान एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

## सोशल मीडिया टीम ने प्रशांत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में किया सहकारिता मंत्री से भेंट



### जनादेश-परब' पर किया अभिनंदन

जांजगीर चांपा / प्रदेश में भाजपा सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'जनादेश-परब' मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का अयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा सोशल मीडिया टीम द्वारा प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से भेंट किया गया । टीम ने सफ्लतम 01 वर्ष की बधाई प्रेषित करते हुए उनका अभिनन्दन किया ।सहकारिता के क्षेत्र में राज्य में होने वाले परिवर्तनकारी योजनाओं और निर्णयो के लिये सोशल मीडिया टीम ने मंत्री केदार कश्यप का आभार व्यक्त किया । इस दौरान सोशल मीडिया प्रदेश प्रभारी प्रशांत ठाकुर द्वारा उन्हें कांसे से निर्मित स्मृति चिह्न भेंट किया गया ।इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी, प्रशांत सिंह ठाकुर, प्रदेश संयोजक सोमेश चन्द्र पांडेय, सहसंयोजक मितुल कोठारी, रायपुर जिला संयोजक विशाल भूरा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मगरलोड के आमाचानी गाँव की बेटी पूर्णिमा का सीआईएसएफ में चयन, शुभचिंतकों ने दी बधाई

मगरलोड ।



क्षेत्र के ग्राम आमाचानी निवासी किसान परिवार की बेटी पूर्णिमा साहू के लिए साल का अंतिम महीना खुशियों भरी सौगात लेकर आया। बचपन से देशसेवा का जज्बा लेकर आगे बढ़ी पूर्णिमा सेना में जाने की तैयारी कर रही थी पिछली बार उन्हें निराशा हाथ लगी फिर भी उन्होंने हिम्मत न हारते हुए कठिन परिश्रम जारी रखा और अब जाकर उन्हें सफलता मिली।

पूर्णिमा साहू किसान दम्पत्ति दुलेश्वर साहू व उषा साहू की सुपुत्री है एवं अपनी प्राथमिक शिक्षा दीक्षा अपने ही निजी गाँव में ही की है। पूर्णिमा के माता पिता किसानी करके अपने परिवार का भरण पोषण किया और ओर बच्चों को अच्छी शिक्षा दी। पूर्णिमा अपने आठ भाई बहनों में चौथे नंबर की बहन है। उन्होंने इस उपलब्धि पर अपने माता पिता का आभार माना और कहा कि माता पिता और गुरुजनों के मार्गदर्शन से ये रास्ता तय हो पाया है। पूर्णिमा की यह उपलब्धि गाँव व क्षेत्र के बालक बालिकाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। उनकी इस उपलब्धि पर उनके गुरुजनों,समस्त सामाजिक बंधुओ ,मित्रमंडल और शुभचिंतकों ने बधाई शुभकामनाएं दी व मुंह मीठा कराया। बधाई देने वालों में, हुलासराम साहू, सालिक राम साहू, टिकेश्वर साहू, जागेश्वरी साहू, उमेश्वरी,कूर्मि समाज गरियाबंद के जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा,आमाचानी के शिक्षक श्यामसुंदर साहू, फ लिन्द्र साहू, रविंद्र साहू आदि शामिल हैं।

## निकाय-पंचायत चुनाव का वार्ड आरक्षण 17 व 19 दिसंबर को

**एमसीबी** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के द्वारा छत्तीसगढ़ नगरपालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण) नियम 1994 के तहत नगरीय निकायों के वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। एमसीबी जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार जिले की आरक्षण प्रक्रिया नियमानुसार निम्न प्रकार से आयोजित होगी। नगरपालिका परिषद् मनेंद्रगढ़ की 22 वार्डों की आरक्षण प्रक्रिया 17 दिसंबर 2024 को दोपहर 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष एमसीबी में होगी। नगर निगम चिरमिरी की 40 वार्डों की आरक्षण प्रक्रिया 19 दिसंबर 2024 को प्रातः 11 बजे नगर निगम चिरमिरी के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। नगर पंचायत झगराखांड की 15 वार्डों की आरक्षण प्रक्रिया 19 दिसंबर 2024 को प्रातः 11 बजे नगर पंचायत झगराखांड के सभाकक्ष में होगी। नगर पंचायत नई लेदरी की 15 वार्डों की आरक्षण प्रक्रिया 19 दिसंबर 2024 को प्रातः 11 बजे नगर पंचायत नई लेदरी के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। नगर पंचायत खोंगापानी की 15 वार्डों की आरक्षण प्रक्रिया 19 दिसंबर 2024 को प्रातः 11 बजे नगर पंचायत खोंगापानी के सभाकक्ष में संपन्न होगी।

## खास खबर

### कैंसर जागरूकता रैली को सीएमएचओ ने झंडी दिखाकर किया रवाना

**कोरबा** कैंसर के जोखिम, जांच के महत्व और उपचार के विकल्पों के बारे में जागरूकता बढ़ाने लगातार काम किया जा रहा है। अपोलो कैंसर सेंटर बिलासपुर ने इस कड़ी में कोरबा में जागरूकता रैली निकाली। कैंसर जागरूकता मुहिम को स्वस्थ विभाग, पुलिस विभाग, कलेक्ट्रेट, शासकीय एवम् गैरशासकीय संस्थानों, शिक्षण संस्थाओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों को पूरा सहयोग मिला।

कैंसर जागरूकता रैली को सीएमएचओ डॉक्टर एसएन केसरी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। ओपन थिएटर से कोसाबादी होते हुए रैली वापस इसी स्थान पर पहुंची और मुख्य कार्यक्रम में परिवर्तित हुई । रैली में कोरबा राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेट्स, के ऐन कॉलेज, मिनीमाता शासकीय गर्ल्स कॉलेज, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, शासकीय स्वस्थ विभाग, विभिन्न सामाजिक संगठनों, ब्रह्मकुमारीज आध्यात्मिक संगठन स्वस्थ मितानिनों एवं अपोलो के विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारीयों की सहभागिता रहीं। डॉ. एस एन केशरी ने अपोलो की जागरूकता मुहिम को सराहनीय बताया एवं अपोलो कैंसर सेंटर की हिंदी स्व स्तन परीक्षण नोटबुक का विमोचन कर इसके महत्ता पर जोर दिया। अपोलो हॉस्पिटल के कैंसर सर्जन डॉ अमोल पड़ेगांवकर ने इस अवसर पर व्यावहारिक जानकारी दी और लोगों को जागरूक किया। विशेष रूप से कोरबा के इंडियन डेंटल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ. संजय अग्रवाल, शहर के वरिष्ठ डॉ. के सी देवनाथ, ईएनटी डॉ. नीलेश भट्ट, डॉ. नितेश भट्ट एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. गरिमा नायडू उपस्थित रहे।

### पकड़े जाने के डर से चोर ने एसईसीएल कर्मचारी पर किया हमला

**कोरबा**। उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाले अंदाज में चोरों ने पकड़े जाने के डर से अपना प्रभाव दिखाने के साथ देसी कत्ते से हमला कर दिया। एसईसीएल कर्मचारी विकास सोनी इस घटना में घायल हुआ है। उसे एनसीएच गेवरा में भर्ती कराया गया।

सूत्रों के अनुसार गत रात यह घटना न्यू एमडी कॉलोनी में हुई। यहां पर क्वार्टर नंबर एमडी 797 में एसईसीएल कर्मचारी शर्मा निवासरत हैं। पिछली रात्रि को उन्होंने महसूस किया कि आवास के भीतर खतर-पटर की आवाज आ रही है । आशंका हुई की कोई अराजक तत्व की एंट्री हो गई है। उन्होंने मोबाइल पर पड़ोस में रहने वाले लोगों को इसकी जानकारी दी। कुछ देर में ग्राउंड फ्लोर में रहने वाले कर्मचारी विकास ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान चोरी करने के लिए घुसे बदमाश को पकड़ लिया गया। बताया गया कि उल्टा दाव पडने पर आरोपी ने लोहे के कत्ते से सोनी के सिर पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। अफरा-तफरी के बीच बदमाश यहां से भागने में सफल हो गया। लेकिन चोरी की इस योजना नाकाम हो गई। इस मामले में पीडित को स्थानीय विभागीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उसके सर में 6 टांके लगे हैं। कॉलोनी में अपराधिक घटनाओं की बढ़ोतरी होने पर कर्मचारियों ने चिंता जताई है.

# भाजपा संगठन चुनाव : विपरीत हालात में काम करने वालों को मिलेगी भाजपा की कमान

**लोकशक्ति। कोरबा** – सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने का दर्जा केंद्र में सत्तारुद्ध भारतीय जनता पार्टी ने हासिल किया है। छत्तीसगढ़ में इन दिनों भाजपा के संगठन चुनाव पर काम हो रहा है। नई व्यवस्था के अंतर्गत 5 की बढ़ोत्तरी के साथ 24 मंडल और जिले के लिए संगठन ने कई प्रकार के पैरामीटर तय किए हैं। इसके हिसाब से अध्यक्ष का मनोनयन किया जाना है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि कोरबा जिले में किसी भी पद पर पुनरावृत्ति नहीं होगी बल्कि नई जिम्मेदारी मुख्य रूप से उन लोगों को मिलेगी जिन्होंने बीते 5 वर्ष विपरीत परिस्थितियों में संगठन के लिए पूरा जोर लगाया और मेहनत की।



कोरबा जिले में अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह का कार्यकाल बेहतर माना जा रहा है कि सरकार की वापसी अपने नीतियों के कारण हुई । और कोरबा जिले में काफी चुनौती पूर्ण मानी जा रही कोरबा विधानसभा सीट पर भाजपा की जीत हुई। एक और विधानसभा में पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहा पिछली बार की तुलना में संख्या में बढ़ोतरी हुई। फिर भी जिला भाजपा अध्यक्ष को लेकर कहा जा रहा है कि मौजूदा अध्यक्ष ना तो दोबारा दावेदारी कर रहे हैं और ना ही पार्टी का संविधान ऐसा करने की अनुमति देता है। मंडल चुनाव को लेकर है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मंडलों में भी हालात कुछ यही है। स्वाभाविक रूप से प्रदेश में सत्ता भाजपा की है इसलिए हर कार्यकर्ता जा रहा है की सक्रिय कार्यकर्ता बनाने से लेकर पिछले दौर में अपनी भूमिका को लेकर दावेदारी कर सकता है। चुनाव को लेकर आयु सीमा को भी एक मानक बना रखा है। कामकाज और कार्य क्षमता भी इस मामले में महत्व रखती है। अभी कहां गया है कि मंडल अध्यक्ष पद के लिए विभिन्न कार्यकर्ता नेताओं से करीबी और अप्रोच को बहुत ज्यादा गंभीरता से ले रहे हैं लेकिन संगठन की नजर में यह गौण है। सूत्रों ने दावा किया कि अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी करना एक हिसाब से सर्वाधिक हो सकता है लेकिन ऊपर में बैठे लोगों की अपनी समझ है और वह निर्देशों के तहत अगले काम को करने के लिए कर चुके है। बताया गया कि सत्ता होने पर अनुकूलता होती हैं जबकि सबसे बड़ी बात यह होती है कि कोई भी कार्यकर्ता विपरीत परिस्थितियों में संगठन की रीति-नीति और उसके द्वारा दिए जाने वाले कार्यक्रमों में किस प्रकार से भागीदारी कर रहा है और अपनी भूमिका को कैसे निभा रहा है। इस दृष्टिकोण से साफतौर पर कहां गया है कि इस बार कोरबा सहित सभी जिलों में मंडल अध्यक्षों के लिए सबसे ज्यादा विचार उन्हें नाम पर होने वाला है जिन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान कठिन हालातो में लोहा लिया और भाजपा संगठन के लिए पूरी दमदारी से काम किया। ऐसे कार्यकर्ताओं ने साबित किया कि वे किसी भी विकट परिस्थिति से डर नहीं सकते और उनके लिए प्राथमिकता कुछ और है। माना जा रहा है कि संगठन की इस बड़ी लाइन से भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ताओं को संगठन चुनाव में अहम जिम्मेदारी मिल सकती है।

संगठन ने नीतिगत रूप से शनिवार को भाजपा नगर मंडल बांकीमोंगरा को दो भागों में विभक्त करते हुए बांकीमोंगरा व सर्वमंगला नगर मंडल बना दिया गया। यहां पर चुनाव अधिकारी अशोक चावलानी ने नगर मंडल अध्यक्ष पद के लिए नाम भी मांगे और सहमति बनाने का प्रयास किया। बांकीमोंगरा मंडल से 11 व सर्वमंगला नगर मंडल से चार नाम सामने आये हैं। इन नामों की सूची को जिला चुनाव अधिकारी राजा पांडेय व सह अधिकारी संजय भवनानी को सौंपा जाएगा। सूचनाओं के अनुसार जिले में भाजपा के संगठन चुनाव के तहत अब सभी मंडल में चुनाव हो गए हैं। सूची सौंपने का काम लगातार जारी है। इससे पहले तक 19 मंडल थे जो बढकर 24 हो गये है। सर्वमंगला नगर मंडल के अलावा सरगबुंदिया को भी अलग मंडल बनाया गया है। पाली तानाखार क्षेत्र में दो नए मंडल बनाए गए हैं। कटघोरा मंडल को भी विभक्त कर जवाली को नया मंडल बनाया गया है। बांकीमोंगरा मंडल में 40 व सर्वमंगला नगर मंडल में लगभग 25 बूथ शामिल किये गए हैं। कोरबा नगर मंडल के फोकट पारा व राताखार के कुछ हिस्सों को सर्वमंगला नगर मंडल में शामिल किया गया है।

# धान उठाव में कोरबा जिला प्रदेष में पहले स्थान पर

**जिले में अब तक 63 हजार 566मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी'**

**62 हजार 429 मीट्रिक टन का डीओ जारी, दस हजार 303 मीट्रिक टन का हुआ उठाव**


**कोरबा, संवाददाता**। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2024-25 में जिले के 65 धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। धान खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की उपज खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन वितरण, बारदाने की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से तौलाई, शीघ्रता से भुगतान आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। जिले में 55 हजार से अधिक किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में अब तक 63 हजार 566 मीट्रिक टन गुणवत्तायुक्त धान पंजीकृत किसानों से खरीदी की गई है। कोरबा जिले में अब तक 62 हजार 429 मीट्रिक टन का डीओ जारी हो चुका है और दस हजार 303 मीट्रिक टन धान का उठाव भी हो चुका है। डीओ जारी करने और धान उठाव के मामले में कोरबा जिला प्रदेष में पहले स्थान पर है। आज मिलर्स के हड़ताल के बाद भी हाथी प्रभावित केन्द्रों से धान उठाव कराया गया है। हड़ताल को ध्यान रखते हुए संग्रहण केन्द्रों की तैयारी शुरू कर दी गई है।

सोमवार से संग्रहण हेतु परिवहन शुरू कर दिया जायेगा। किसानों को परेषानी न हो इसके लिये खरीदी केन्द्रों में धान की स्टैकिंग कराकर स्थान बनाया गया है।

जिसमे उपार्जन केंद्र अखरापाली में 12966.40 क्विंटल, उतरदा मे 14184.00 क्विंटल, बोईदा में 7458.80 क्विन्टल, कटघोरा में 10171.20, कनकी में 10945.60, करतला में 18404.40, केरवाद्वारी में 16739.60, कुल्हरिया में 9022.40, कोथारी मे 18714.00, कुदमुरा में 3244.00, कोरकोमा में 7592.00, चचिया 3810.00, कोरबी(पाली) में 18640.40, कोरबी (पोड़ी उपरोड़ा) में 19277.60, चैतमा 14887.20, चिकनीपाली 15607.60, लबेद 12888.40, छुरीकला 9105.20, सुमेधा 4130.40, जटगा 8737.60, तुमान (जटगा)3076.80, जवाली 13187.20, रंजना 5648.80, तुमान 20050.80, तिलकेजा 7629.60, दुरपा 6715.60, नवापारा 18774.40, बेहरचुआं 11432.00, निरधी 19839.60, पठियापाली 7249.20, पसान 7558.40, लैंगा 6944.00, नुनेरा 9006.40, पाली 9950, बकसाही 11607.20, पिपरिया 4000, कर्रानवापारा 2548.80, पोड़ी 11634.40, पोड़ी उपरोड़ा 1990.40, फरसवानी 10506.40, बरपाली(कोरबा) 13366.40, बरपाली(बरपाली) 22481.60, तानाखार 1703.20, बिंझरा 9076.80, कुदरमाल 6183.20, भैंसमा 18086.40, भिलाई बाजार 6292.00, मोरगा 2486.40, मदवानी 4655.20, रामपुर 12728.00, पोटापानी 2348.80, लाफा 5952.80, सपलवा 1308.80, चिर्रा 2664.80, लेमरू 2631.20, श्यांग 12920.80, उमरेली 8070.00, सुखरीकला 5412. 80, सिरमिना 18204.80, दादरखुर्द 7979.20, सोनपुरी 3819.60, कराईनारा 7699.60, सोहागपुर 15778.00, नोनबिर्रा 8841.20, हरदी बाजार में 9018.40 क्विंटल धान खरीदी हुई है। राज्य सरकार द्वारा किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल एवं प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है। धान विक्रय के 72 घंटे के भीतर किसानों के बैंक खातें में राशि प्राप्त हो रही है। जिससे किसानों में उत्साह व्याप्त है।

## आसुरी शक्तियों का उत्पात हर कालखण्ड में रहा हावी

**कोरबा** । अगहन मास में अनेक स्थानों पर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हो रहे है। ग्राम अंडीकछार के बुडगनिहापारा में श्रीवास समाज द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने सनातन संघर्ष समिति के जिला संयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता अजय कुमार दुबे एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कोरबा के जिला कार्यवाह कैलाश नाहक विशेष रूप से उपस्थित हुए।



पाली खंड के ग्राम अंडीकछार के बुडगनिहापारा में जगदीश श्रीवास एवं जगेश्वर श्रीवास के निवास स्थान में परिवार एवं समाज की सुख शांति के लिए श्री मद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें खरसिया वाले भगवताचार्य पंडित दीपक कृष्ण महराज के द्वारा भागवत कथा किया जा रहा है। सनातन संघर्ष समिति के जिला संयोजक अजय कुमार दुबे ने समाज के सनातनियों से मिलकर कहा कि समाज के कल्याण एवं सनातन धर्म के संवर्धन के लिए ऐसे आयोजन आवश्यक है।

## वरिष्ठजनों को मिला सियान सदन, साझा करेंगे अनुभव

**कोरबा** काफी समय से जिस चीज की कमी महसूस की जा रही थी उसे प्रशासन की संवेदनशीलता से पूरा करने का काम कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र में कर लिया गया है। क्षेत्र के वरिष्ठ जनों को उनकी जरूरत के लिए सियान सदन उपलब्ध करा दिया गया। नियमित रूप से कुछ घंटे निकाल कर वरिष्ठ जन यहां बैठेंगे, चर्चा करेंगे और अपने अनुभव से दूसरों को लाभान्वित करने में भूमिका निभाएंगे। कटघोरा के बेसिक स्कूल के पीछे स्थित गायत्री मंदिर के सामने वर्षों से बंद पड़े पुराने और जर्जर भवन को पुनर्निर्मित कर सियान सदन में परिवर्तित किया गया। इस कार्य को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा रोहित सिंह के निर्देश पर शुरू किया गया। नगर पालिका द्वारा भवन की सफाई, मरम्मत और रंग-रोगन का कार्य करवाया गया। शनिवार को इस सियान सदन का उद्घाटन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने किया। उन्होंने कहा सियान सदन में अब हमारे वरिष्ठजन अपनी विभिन्न गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से संचालित कर सकेंगे। वरिष्ठजनों के पास जो अनुभव का खजाना है, उसका लाभ हमारे समाज के प्रत्येक व्यक्ति को मिलना चाहिए। यह पहल न केवल पुराने भवन का सदुपयोग सुनिश्चित करती है, बल्कि समाज के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक समर्पित स्थान उपलब्ध कराती है, जिससे सामुदायिक विकास को भी बल मिलेगा। इस अवसर पर नगर पालिका कटघोरा के सीएमओ ज्ञान पुंज कुलमित्र, नगर पालिका अध्यक्ष रतन मित्तल, उपाध्यक्ष बजरंग पटेल, तहसीलदार भूषण सिंह मंडावी, पार्षद संजय अग्रवाल, ओम प्रकाश डिक्सेना तथा नगर के गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## गजराजों की चिंघाड़ से सूईआरा जंगल गूंजा, ग्रामीणों में दहशत

**o खरही खाया, फसलों को पहुंचाया नुकसान**

कोरबा 15 दिसम्बर (आरएनएस)। करतला रेंज में विगत एक पखवाड़े से सक्रिय 50 हाथियों का दल अब सूईआरा जंगल पहुंच गये है। इस दल में चोटिल हाथी भी शामिल हो गया है। बीती रात अचानक पहुंचे दल ने सूईआरा गांव में ग्रामीणों के खलिहान में प्रवेशकर वहां रखे धान की खरही को खाने के साथ ही इतर-बीतर कर दिया । इतना ही नहीं खेतों व बाड़ी में पहुंचकर वहां लगे धान की फसल व सब्जी के पौधों को भी तहस-नहस कर दिया है। हाथियों का उत्पात रात भर चला।



इस दौरान गांव हाथियों की चिंघाड़ से गुजंता रहा और ग्रामीण मारे डर के अपने-अपने घरों में दुबके रहे। बड़ी संख्या में हाथियों के आने तथा उत्पात मचाये जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग का अमला आज सुबह सूईआरा गांव पहुंचा और रात में हाथियों द्वारा किये गये नुकसानी का आकंलन करने के साथ ही रिपोर्ट तैयार की। एक अनुमान के मुताबिक हाथियों के उत्पात में ग्रामीणों को हजारों रूपये की चपत लगी है। इस बीच कोटमेर जंगल में घुम रहे पैरों से चोटिल हाथी भी सूईआरा पहुंच हाथियों के दल में शामिल हो गया है, जहां बीती रात हाथियों के दल ने करतला रेंज के सूईआरा में जमकर उत्पात मचाया वहीं कुदमुरा रेंज में भी 29 हाथी सक्रिय है। हाथियों का दल कुदमुरा व धरमजयगढ़ के बॉडर में विचरण कर रहा है। कल यह दल अचानक कुदमुरा में प्रवेश किया था और रेंज के गितकुंवारी क्षेत्र में दिनभर विचरण करने के बाद बॉडर पहुंच गया।

# परिवार के साथ सुखमय जीवन बिता रहे चैतराम

**प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना से चैतराम के कच्चे आवास के संघर्षपूर्ण जीवन को मिला पक्के आवास का सुख**

**प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना से परिवार को मिला नया घर, भविष्य के लिए नई उम्मीदें :- हितग्राही चैतराम**

**कोरबा,**। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत ऐसे कई परिवारों को अपना पक्का घर मिला है, जो पहले जीवन यापन के लिए अस्थिर और कच्चे मकानों में संघर्ष कर रहे थे। इस योजना ने न केवल आमजनों के आवास संकट को हल किया है, बल्कि इन परिवारों के लिए सामाजिक और आर्थिक विकास के रास्ते भी खोले हैं।



कटघोरा विकासखण्ड के ग्राम कुचैना के रहने वाले श्री चैतराम, जो पहले एक कच्चे घर में अपने परिवार के साथ रहते थे, उनके लिए पक्के घर का सपना हमेशा दूर था। आर्थिक रूप से कमजोर और संसाधनों की कमी के कारण वह और उनका परिवार असुरक्षित और असुविधाजनक स्थितियों में जीवन निर्वाह कर रह रहे थे। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना से चैतराम के जीवन में एक नई उम्मीद जागी। इस योजना के तहत चैतराम को उनका सपना साकार होने का मौका मिला। योजना के तहत उन्हें पक्के मकान के लिए आवेदन करने का अवसर मिला और कुछ ही समय में उनका नाम आवास के लिए चयनित हो गया। इस योजना ने उन्हें न केवल एक सुरक्षित आवास दिया, बल्कि एक नया जीवन दृष्टिकोण भी प्रदान किया। अपने नए पक्के घर में चैतराम को स्वच्छता, बिजली, पानी और उचित परिवहन जैसी सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। जो पहले कच्चे घर में असंभव थीं। इस परिवर्तन ने न केवल उनके रहन-सहन को बेहतर किया, बल्कि उनके बच्चों को एक स्वस्थ और सुरक्षित माहौल भी मिला।

हितग्राही चैतराम ने बताया कि पहले उन्हें हर बारिश में अपने घर की छत से पानी टपकने की चिंता रहती थी और कच्चे घर में रहने से सांप कीटो का भी डर बना रहता था। जिससे वे एक सदैव एक मानसिक तनाव का अनिभव करते थे। अब, पक्के घर में रहने से वह तनाव मुक्त और सुरक्षित महसूस करते हैं। साथ ही उनकी सामाजिक स्थिति में भी सुधार हुआ है। अब वह गर्व से अपने परिवार के साथ पक्के घर में सुखमय जीवन व्यतीत कर रहे हैं, जो उनकी मेहनत और प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का परिणाम है।चैतराम का कहना है कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना ने उनके परिवार को महज एक घर नहीं, बल्कि एक उज्जवल भविष्य की ओर कदम बढ़ाने का अवसर दिया है। अब वह अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए और जीवन के अन्य पहलुओं में प्रगति के लिए अधिक प्रेरित और उत्साहित महसूस करते हैं।

## जनसंपर्क विभाग के छायाचित्र प्रदर्शनी का उद्योग मंत्री सहित अन्य अतिथियों ने किया अवलोकन

**-जनादेश परब के उपलक्ष्य में विकास कार्यों, उपलब्धियों एवं नवाचारों पर आधारित लगाई गई प्रदर्शनी**

**अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारगण एवं आमजनों ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन**



**कोरबा,** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनादेश परब के अवसर पर जनसंपर्क कार्यालय द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में जिले के विकास कार्यों, उपलब्धियों एवं नवाचारों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने विभाग द्वारा प्रदर्शित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के जीवन मे हुए सकारात्मक बदलाव सहित जिले के अनेक विकास कार्यों, उपलब्धियों, नवाचार के संबंध में छायाचित्र के माध्यम से प्रस्तुत की गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर, नेता प्रतिपक्ष श्री हितानंद अग्रवाल, आयुक्त नगर निगम श्री आशुतोष पाण्डेय, सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग, एसडीएम श्री सरोज महिलांगे, अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा, डॉ राजीव सिंह, प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल, जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री कमलज्योति, सुरजीत सिंह चैहान, मनोज रजक, रावेन्द्र सिंह, आषुतोष गौरहा, मनीष यादव, नंदकुमार सूर्यवंषी, आर.के.कौषिक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, पत्रकारगण, अधिकारी-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सभी अतिथियों ने विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का सराहना की। शिविर में आए सभी जनप्रतिनिधियों एवं आमजनो को जनमन, उदित छत्तीसगढ़, सुशासन के नवीन आयाम सहित अन्य पत्रिका का वितरण भी किया गया।

# छत्तीसगढ़ में चिकित्सा सुविधाओं का तेजी से हो रहा विस्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ को कभी बीमारू राज्य का दर्जा दिया जाता था। मध्य प्रदेश के समय से ही छत्तीसगढ़ लगातार उपेक्षित रहा है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने इसे बहुत पहले ही भांप लिया था। इसीलिए जब वो प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने छत्तीसगढ़ को एक नई राह दिखाने के लिए इसे मध्य प्रदेश से अलग करके नया राज्य बनाया। हालांकि उस वक्त कठिनाइयां काफी ज्यादा थीं। राज्य में स्वास्थ्य सुविधाएं न के बराबर थीं। लोगों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए राज्य के बाहर जाना पड़ता था। राज्य में डाक्टरों की कमी थी। मेडिकल कालेज के नाम पर सिर्फ रायपुर ही था जहां से गिनती के डाक्टर ही पास होकर निकलते थे और वो भी अच्छी सुविधाओं की तलाश में राज्य के बाहर निकल जाते थे।



साल 2003 में छत्तीसगढ़ में एक नयी सुबह की हुई और यहां से छत्तीसगढ़ ने स्वास्थ्य सुविधाओं और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में धीरे-धीरे आगे बढ़ना शुरू कर दिया। बीते दो दशकों के सफर में आज छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी आगे निकल चुका है। कभी जहां सिर्फ एक मेडिकल कालेज हुआ करता था आज इसी राज्य में 10 शासकीय मेडिकल कालेज हैं। एमबीबीएस की सीटें भी 100 से बढ़कर 1460 हो गयी हैं। शासकीय मेडिकल कालेजों में 291 स्नातकोत्तर की सीटें भी बढ़ी हैं जिससे राज्य को विशेषज्ञ चिकित्सक मिल रहे हैं। राज्य के युवा बेहतर डाक्टर बन सकें इसके लिए नियमों में संशोधन करते हुए छत्तीसगढ़ के सभी मेडिकल कालेजों में हिंदी में भी पढ़ाई की शुरूआत हो चुकी है। एक वर्ष के दौरान ही छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा पदों पर 126 विशेषज्ञ चिकित्सक, 395 चिकित्सा अधिकारियों, 95 स्टाफ नर्स, 35 एएनएम, 29 लैब टैक्नीशियन, 54 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के अलावा 149 अन्य पदों पर नियुक्तियां दी गयी हैं।

पहले जहां मेडिकल कालेजों की स्वशासी सोसायटियों को एक लाख रूपए के उपर के अति आवश्यक खर्च करने के लिए राज्य शासन से अनुमति लेनी होती थी वहीं आज विष्णु के सुशासन में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इसे बढ़ाकर 2 करोड़ रूपए तक की अनुमति प्रदान कर दी है। अब आवश्यक उपकरण, दवाइयां इत्यादि जीवन रक्षक चीजों के लिए मेडिकल कालेजों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते, बल्कि वो खुद ही त्वरित निर्णय लेने में सक्षम हो चुके हैं। स्वशासी सोसायटियों को वित्तीय विकेंद्रीकरण की दिशा में शक्तियां आबंटित की गयी हैं ताकि राज्य की जनता को सही समय पर सही इलाज और सुविधा मिल सके।

राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। अपने पहले ही बजट में साय सरकार ने राज्य का स्वास्थ्य बजट 5461 करोड़ रूपए से 38.5 फीसदी बढ़ाकर 7563 करोड़ रूपए कर दिया गया है। पर्याप्त बजट होने से स्वास्थ्य सुविधाओं में जबरदस्त इजाफा देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में वर्ष 2003 मे जहां मातृ मृत्यु दर प्रति एक लाख में 269 थी जो आज घटकर 137 हो गयी है।

नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे-3 (2005-06) के अनुसार राज्य में संस्थागत प्रसव सिर्फ 15.3 फीसदी था। आज यह लगभग 70 फीसदी का इजाफे के साथ नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे-5 (2019-21) के आंकड़ो के अनुसार 85.7 फीसदी तक पहुंच चुका है। वर्ष 2018 की तुलना में आज बस्तर में मलेरिया के मामलों में 50 फीसदी की कमी आ गयी है। 108 संजीवनी एंबुलेंस सेवा राज्य के लोगों के लिए वाकई संजीवनी साबित हो रही है। पिछले एक साल में ही डायल 108 पर 9 लाख 73 हजार 681 आपातकालीन फोन काल्स आए और इनमें से 3 लाख 4 हजार 847 मरीज लाभांवित हुए।

छत्तीसगढ़ की शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के माध्यम से राज्य के 77 लाख 20 हजार परिवारों को 5 लाख रूपए तक का निःशुल्क इलाज मिल रहा है जिसे आने वाले समय में 10 लाख रूपए तक किए जाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत विशेष स्थितियों में इलाज के लिए 25 लाख रूपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। योजना के तहत बीते नौ माह में लगभग 1200 लोगों को 43 करोड़ रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। राज्य के पहले डिजिटल बजट में सभी संभाग में एम्स की तर्ज पर सिम्स खोलने का निर्णय लिया गया है और इसकी शुरूआत भी बिलासपुर से हो चुकी है। बिलासपुर के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का लोकार्पण देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धनवंतरी दिवस के अवसर पर किया। राज्य सरकार रायपुर के डीकेएस अस्पताल में जल्द ही आर्गन ट्रांसप्लांट की सुविधा भी देने जा रही है।

वर्तमान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ये बात भली भांति समझती है कि भारत की तर्ज पर छत्तीसगढ़ को भी वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाना है तो स्वास्थ्य वो अनिवार्य कड़ी है जिससे राज्य स्वस्थ, सक्षम और समृद्ध बनेगा। खुशी की बात ये है कि स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बेहद गंभीर हैं। उनके प्रयासों से छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार विस्तार हो रहा है और चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आ रहा है।

## खास खबर

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर । राजधानी रायपुर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में विकाश विहार कालोनी यशवंत श्रीवास 26 वर्ष ने डीडीनगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 एजी 6269 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 55 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में दीपका थाना क्षेत्र निवासी मनोज गुप्ता 46 वर्ष ने गोलबाजार थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 12 एयू 1514 को रविभवन के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### शासकीय दुकान से 82 लाख से अधिक की हेराफेरी, जुर्म दर्ज

रायपुर, 15 दिसंबर (आरएनएस)। शासकीय उचित मूल्य दुकान धरसींवा में 82 लाख से अधिक की राशि का गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेश देवदास 34 वर्ष नयापारा वार्ड 1 दुर्ग का रहने वाला है। प्रार्थी ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान के खाद्य सामाग्री में हेराफेरी कर आरोपी इंद्राज खान और अमन निर्मलकर ने 82 लाख 8651 रुपए का गबन किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### गांजा तस्करी करते युवक गिरफ्तार

रायपुर, 15 दिसंबर (आरएनएस)। तेलीबांधा पुलिस ने जूपिटर मोपेड से गांजा तस्करी करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 4 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है। तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सर्विस रोड ग्रीनलाइट ढाबा के पास दबिश देकर जूपिटर मोपेड में सवार आरोपी संजय राव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 4 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजा की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### कांग्रेस विधायक दल की आज महत्वपूर्ण बैठक

रायपुर, 15 दिसंबर (आरएनएस)। प्रदेश में कांग्रेस विधायक दल की आज महत्वपूर्ण बैठक होगी। ये बैठक आज दोपहर 12:00 राजधानी के निजी होटल में आयोजन होगा। जहां पर शीतकालीन सत्र को लेकर विशेष चर्चा होगी। दरअसल 16 दिसंबर से शीतकालीन सत्र का आगाज होने जा रहा है।

### सर्द हवा से ठिठुरा समूचा छत्तीसगढ़

**रायपुर।** प्रदेश के उत्तर दिशा की ओर से आ रही ठंडी हवा और शुष्क हवा के वजह से इन दिनों ठंड पड़ रही है. जिसके असर से राजधानी रायपुर सहित कई जिलों में ठंड से बचने के लिए लोगों को अब अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। ऐसे में प्रदेश के सबसे अधिक ठंड पड़ने वाले जिले की बात करें तो सरगुजा संभाग इस मामले में आगे है. ऐसे में मौसम विभाग ने प्रदेश के दुर्ग सहित लगभग 12 जिलों में आगामी तीन दिनों तक कोल्ड वेव (शीतलहर) का यलो अलर्ट जारी कर दिया है।


## नवसंकल्प शिक्षण संस्थान के 5 छात्र एसएससी जीडी में चयनित

जशपुर, 15 दिसम्बर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जशपुर में नवसंकल्प शिक्षण संस्थान संचालित किया जा रहा है। जहां 5 छात्रों ने छ्रक्क(केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल) में चयनित हो कर सफलता का परचम लहराया है। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

संस्थान के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल हेतु चयन परीक्षा प्रति वर्ष स्स्ष्ट(स्टाफ सिलेक्शन कमीशन) के द्वारा आयोजित किया जाता है । एसएससी जीडी 2024 हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन फरवरी-मार्च 2024 में आयोजित की गयी थी जिसमें संस्था के कुल 24 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा पास की, अक्टूबर-नवम्बर 2024 को इन छात्रों का 5 किमी दौड़(पुरुष अभ्यर्थी हेतु) और 1600 मी दौड़(महिला अभ्यर्थी हेतु) आयोजित की गयी, भर्ती दौड़ में भी सभी 24 छात्र सफल रहे. दौड़ के पश्चात आयोजित मेडिकल, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, ऊंचाई माप में कुल 13 छात्र विभिन्न बिन्दुओं पर क्वालीफाई नहीं कर पाए. जबकि कुल 11 छात्र मेडिकल फिट हुए, इन 11 छात्रों में से 5 छात्र अंतिम रूप से मेरिट सूचि में स्थान बनाने में सफल रहे. चयनित छात्रों में अविनाश खलखो (क्चस्स्न-सीमा सुरक्षा बल) पिता ङ्क श्री ग्रेअगोरी खलखो, ग्राम-चराईडांड, तहसील ङ्क दुलदुला, रोशन केरकेट्टा(असम रायफल ) पिता ङ्क श्री रवि केरकेट्टा, ग्राम ङ्क सरईटोला, तहसील- पत्थलगांव, अनुग्रह मिंज(ढ्ढञ्जक्क ङ्क भारत तिब्बत सीमा पुलिस) पिता ङ्क श्री ख्रीस्त कुमार मिंज, ग्राम - खुटेरा, तहसील - कांसाबेल, पॉल राज तिर्की(ष्ढ्डस्स्न ङ्क केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) पिता ङ्क रबोत तिर्की, ग्राम ङ्क खंताडांड तहसील ङ्क बगीचा और नीलांबर राम (छ्रक्क - केंद्रीय रिजर्व पुलिस) शामील हैं । चयनित छात्रों ने नवसंकल्प के एसएससी जीडी बैच में 4 महीने का आवसीय व्यवस्था में रहते हुए तैयारी की थी। छात्रों की सफलता के लिए कलेक्टर श्री रोहित व्यास और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक कुमार ने सभी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। संकल्प के प्राचार्य श्री विनोद गुप्ता, नवसंकल्प एवं ह्श्वस् महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ विजय रक्षित और नवसंकल्प के विषय विशेषज्ञ विनीत तिवारी, विवेक पाठक, मनीष गुप्ता, शैलेश कोसले, खुशबू द्विवेदी ने शुभकामनाएं प्रेषित की है ।

बता दें की नवसंकल्प में वर्तमान में आगामी छ0ग पुलिस सब इंस्पेक्टर भर्ती और एसएससी जीडी 2025 हेतु बैच संचालित है जिसमें 100 से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं, जिन्हें भविष्य में बेहतर रिजल्ट हेतु लगातार साप्ताहिक टेस्ट, शारीरिक प्रशिक्षण, क्विज प्रतियोगिता, स्मार्ट क्लास के माध्यम से तैयारी कराई जा रही है7

## अमलीडीह जमीन मामला विपक्ष उठाएगा शीतकालीन सत्र में



**दैनिक लोकशक्ति,रायपुर।** अमलीडीह (रायपुर) में महाविद्यालय के लिए आबंटित जमीन को रामा बिल्कॉन बिलासपुर, को शासन द्वारा दिये जाने वाले मामले पर राजनीति गर्म है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उक्त विवादास्पद जमीन की जांच की जिम्मेदारी आयुक्त रायपुर को दी गई थी, जिसमें आयुक्त महादेव कांवरे ने निर्धारित समय सीमा के भीतर ही शासन को जांच की रिपोर्ट प्रस्तुत कर चुके हैं।

कल से शुरू हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में यह मामला सदन में सुर्खियां बटोरेगी। अब शासन को तय करना है कि अमलीडीह में कॉलेज के लिए आबंटित जमीन पर कॉलेज बनाना है या बिल्डर को देना है। किन्तु जमीन के विषय में जनसाधारण का कहना/मानना है कि कॉलेज बनना चाहिए।

## छग में पत्रकार प्रेस परिषद का गठन, रविश अग्रवाल बने अध्यक्ष

### प्रमोद मिश्रा को प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी, पत्रकार बोले- पत्रकारिता क्षेत्र में लंबे अनुभव का मिलेगा लाभ

**रामनुजगंज-रायपुर ।** रामनुजगंज देश की पत्रकारिता के क्षेत्र में पत्रकारों के हितों के सदैव कार्य करने वाली संगठन भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड संस्था 'पत्रकार प्रेस परिषद' के छत्तीसगढ़ ईकाई का भी गठन हुआ है । प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर जहां रामानुजगंज के वार्ड क्रमांक 11 निवासी रविश अग्रवाल को दायित्व सौंपा गया है । वहीं प्रदेश महासचिव के पद पर बलौदाबाजार जिले के कटगी गांव के रहने वाले प्रमोद मिश्रा को जिम्मेदारी मिली है । परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषभ मिश्रा ने दोनों की नियुक्ति संबंधी आदेश जारी किया है । दोनों पत्रकारों को नई जिम्मेदारी मिलने पर बलरामपुर रामानुजगंज जिले के पत्रकारों एवं प्रदेश भर के पत्रकारों ने खुशी जताते हुए राष्ट्रीय संगठन के पदाधिकारियों को धन्यवाद देते कहा है कि आने वाले दिनों में प्रदेश में पत्रकारों की हितों के लिए दोनों पदाधिकारी सदैव तत्पर रहेंगे, इसका हमें पूरा भरोसा है । पत्रकार प्रेस परिषद पत्रकारों की हितों में कार्य करने वाली राष्ट्रीय संस्था है, जो देश भर में पत्रकारों को हितों के लिए कार्य कर रही है । देश भर के पत्रकार इस संस्था से जुड़े हुए हैं । प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी रविश अग्रवाल को : रविश अग्रवाल को पत्रकारिता के अनुभव 18वर्षों का लंबा अनुभव है । उनकी शिक्षा कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय से हुई है जहां से अध्ययन करते हुए सन् 2011 में पत्रकारिता में स्नातकोतर डिप्लोमा की डिग्री हासिल की साथ ही विश्वविद्यालय में टॉप रहते हुए गोल्डमेडलिस्ट भी बने। प्रदेश महासचिव दायित्व मिलने वाले प्रमोद मिश्रा ने रायपुर के कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय, रायपुर से एम एस सी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की है । वर्ष 2014 से पत्रकारिता की शुरुआत करने वाले प्रमोद मिश्रा को ग्रामीण अंचल से लेकर राजधानी रायपुर में पत्रकारिता की है ।

## चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों ने जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों ने जाना

रायपुर, 15 दिसम्बर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन का एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों को देने के लिए चित्र प्रदर्शनी लगाई है। चित्र प्रदर्शनियों के माध्यम से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना सहित अन्य हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गई। प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को भी महत्वपूर्ण जानकारी मिली।



जशपुर जिले में रणजीता स्टेडियम चौक के पास 13 से 14 दिसंबर 24 तक दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी लोगों को दी गई है। प्रर्दशनी का अवलोकन करने वाले फरसाबहार विकास खंड के नवीन कुमार, बसंत कांसाबेल विकास खंड के पाकरटोली निवासी श्री रूपेश साय ने बताया कि वे अभी कालेज में पढ़ाई कर रहे हैं। साथ ही प्रतियोगिता परीक्षा की भी तैयारी कर रहे हैं। प्रर्दशनी का अवलोकन करके अच्छा लगा और बहुत सारी ज्ञानवर्धक जानकारी भी मिला है। तैयारी करने के लिए योजना से संबन्धित पुस्तिका भी मिला जिसके उनको अब तैयारी करने में आसानी होगी। पत्थलगांव विकास खंड के जय प्रकाश पैंकरा ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया और खुशी जाहिर करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत अनेक अच्छी योजना संचालित की जा रही है। इसकी जानकारी विस्तार से उनको यहां आकर मिला है। और लोगों को भी इसकी जानकारी देने की बात कही। प्रर्दशनी का अवलोकन जशपुर गिराग के नंनकू राम , कुलविंदर, बाबूलाल, कुनकुरी के जावेद, भागलपुर जशपुर के अलका कुजुर ने भी अवलोकन किया।


प्रदर्शनी स्थल मे एलईडी स्क्रिन के माध्यम से भी उपलब्धियों की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा पुस्तक, ब्रोसर, बुकलेट का भी वितरण किया जा रहा है। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजना से लाभान्वित हुए जनजाति परिवारों भी दर्शाया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना किस तरह से लोगों के पक्के आशियाने को पूरा कर रही है इसे भी प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही सीएम विष्णुदेव साय का प्रयास से 220 बिस्तर का अस्पताल, 400 केवी विद्युत सब स्टेशन, पर्यटन के क्षेत्र में जशपुर ले रहा नया रूप, एडवेंचर, इको-टूरिज्म टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हुई है मायली नेचर कैंप का किया जा रहा है विकास को भी प्रदर्शित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाए महत्वपूर्ण कद महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना से समृद्ध होते किसान, छात्र-शिक्षक एवं पालक समुदाय के बीच अपनेपन की भावना को विकसित करने का जरिया बना न्योता भोजन, पीएम जनमन योजना, योजना से लखपति दीदी की राह पकड़ती महिलाएं स्व सहायता समूहों से सशक्त होती महिलाएं, मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया बनी लोगों का आशा का

## मुख्यालय में नवनिर्मित वन मंदिर वाटिका का प्रभारी मंत्री ने किया लोकार्पण

### बच्चों को प्रकृति और संस्कृति के महत्व के प्रति जागरूक करेगा '' वन मंदिर वाटिका''

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ शासन के वन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता, तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप के दो दिवसीय दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान आज दंतेवाड़ा के टेकनार रोड़ पर बनें देश का पहला वन मंदिर का रिबन काटकर मंत्री श्री केदार कश्यप और विधायक श्री चैतराम अटामी ने उद्घाटन किया।




इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य श्री रामूराम नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं मुख्य वन संरक्षक श्री आर.सी.दुग्गा, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, डीएफओ श्री सागर जाधव, जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

इस दौरान अनौपचारिक चर्चा करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्राचीन काल से ही भारतीय संस्कृति में वनों के आध्यात्मिक एवं पर्यावर्णीय को महत्व को प्रमुखता दी गई है। वर्तमान में जबकि आज ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन पर पूरी दुनिया में विचार मंथन चल रहा है। उसे देखते हुए वन मंदिर की अवधारणा सराहनीय है। क्षेत्र में निवासरत वनवासी बंधु पीढ़ियों से वनों की रक्षा एवं उसकी संरक्षण के लिए समर्पित रहे है। यहां के जनजीवन का मुख्य आधार वन सम्पदा ही रही है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन एवं वन विभाग की यह पहल जनमानस में पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का प्रंशसनीय प्रयास है। उन्होंने आगे कहा कि इस वन मंदिर वाटिका में अन्य प्रजाति के पेड़ पौधे लगाकर इसे समृद्ध बनाए। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वृक्षारोपण के तहत ''एक पेड़ मां के नाम'' का संदेश देकर पूरे देश में वृक्षारोपण के महत्व का अलख जगा चुके है। अतः आमजन भी उनके इस अभियान

## गरियाबंद में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन

गरियाबंद 15 दिसम्बर (आरएनएस)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर बलराम प्रसाद वर्मा के निर्देशानुसार जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद, किशोर न्याय बोर्ड गरियाबंद तथा राजस्व जिला गरियाबंद के राजस्व न्यायालयों एवं राजिम और देवभोग के न्यायालयों में शनिवार 14 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत के लिए तालुका विधिक सेवा समिति गरियाबंद द्वारा 04 खण्डपीठों का गठन किया गया था, तालुका विधिक सेवा समिति गरियाबंद के अध्यक्ष यशवंत वासनीकर ने बताया कि लोक अदालत हेतु जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश गरियाबंद तजेश्वरी देवी देवागंन की गठित खण्डपीठ में कुल 74 लंबित एवं 1463 प्रिलिटिगेशन प्रकरण कुल 1537 प्रकरण राजीनामा हेतु रखे गये थे। जिनमें 10 लंबित मामलों का निराकरण करते हुए 39 लाख 65 हजार रूपये का एवार्ड पारित किया गया। वही 147 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण करते हुए 9 लाख 70 हजार 516 रूपये का एवार्ड पारित किया गया एवं कुल 10 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस प्रकार उक्त खण्डपीठ में कुल 157 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 49 लाख 35 हजार 518 रूपये का एवार्ड पारित किया गया। वहीं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ श्रेणी गरियाबंद छाया सिंह की गठित खण्डपीठ में 2977 प्रिलिटीगेशन प्रकरण रखे गये थे तथा लंबित/समरी मामले सहित कुल 3138 लंबित प्रकरण रखे गये थे। जिनमें से 17 प्री-लिटिगेशन प्रकरण 97 लंबित/समरी मामलों का निराकरण करते हुए कुल 114 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 11 लाख 24 हजार 665 रूपये की राशि अदा करायी गयी।

## 4 जुआरियों से 55,900 रुपए जब्त

**पलारी-रायपुर ।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना पलारी पुलिस द्वारा जुआ, सट्टा आदि अंवैधानिक कार्यो में लिप्त आरोपियों एवं अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 14.12.2024 को थाना पलारी पुलिस द्वारा पलारी के खार में मुरूम खदान के पास जुआ खेलते हुए 04 जुआरियो को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जुआरियों से नगदी ?55,900 एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना पलारी में छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध क्र. 562/2024 पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)